राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत-गुजरात, संस्करण बुधवार,12अगस्त2020 वर्ष-3, अंक -197 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

मोदी का मेगा प्लान

## 10 राज्यों के सीएम के साथ मिलकर प्रधानमंत्री मोदी ने तैयार किया मेगा प्लान : कोरोना की जंग

**नेशनल डेस्क।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कोरोना से जंग सही दिशा में आगे बढ़ रही है। कोरोना वायरस महामारी की मौजूदा स्थिति पर 10 राज्यों के मुख्यमंत्रियों से चर्चा के बाद पीएम ने कहा कि कोरोना पर राज्यों के साथ मिलकर काम हो रहा है। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए शुरू हुई इस बैठक में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडू, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, बिहार, गुजरात, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री शामिल हुए। ये बैठक इसलिए महत्व रखती है कि ये सभी राज्य ज्यादा जनसंख्या घनत्व वाले हैं और इनमें कोरोना संक्रमित लोगों की अच्छी खासी तादाद है। जिन राज्यों में कम है, और जहां ज्यादा है वहां टेस्टिंग बढ़ाने की जरूरत सामने आई है। खासतौर पर बिहार, गुजरात,यूपी, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना यहाँ टेस्टिंग बढ़ाने पर खास बल देने की बात इस समीक्षा में निकली है। टेस्टिंग नेटवर्क के अलावा आरोग्य सेतु ऐप भी हमारे पास है। आरोग्य सेतु की मदद से हम ये काम आसानी से कर सकते हैं। इन प्रयासों के परिणाम हम देख रहे हैं। में बेहतर , आईसीयू बेड्स की संख्या बढ़ाने जैसे प्रयासों ने भी काफी मदद की है। आपके राज्यों में जमीनी हकीकत की निरंतर निगरानी करके जो नतीजे पाए गए सफलता का रास्ता उसी से बन रहा है। मुझे विश्वास है कि आपके इस अनुभव की ताकत से देश ये लड़ाई पूरी तरह से जीतेगा, और एक नई शुरुआत होगी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित रहे। कोरोना महामारी ने जब से भारत में कदम रखा है तब से लेकर प्रधानमंत्री की राज्यों के साथ यह सातवीं बैठक थी। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में सामने आने वाले मरीजों की संख्या में कमी आई है ।

मंगलवार को यह आंकड़ा 53,601 रहा। देश में पिछले चार दिन से लगातार 60,000 से ज्यादा नए मामले सामने आ रहे थे।



## नहीं रहे मशहूर शायर राहत इंदौरी, दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन

**नेशनल डेस्क।** मशहूर शायर राहत इंदौरी अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका दिल का दौरा पड़ने से अस्पताल में निधन हो गया। इंदौरी 70 वर्ष के थे। राहत इंदौरी को सुबह कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर इंदौर के अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मध्य प्रदेश के इंदौर में जन्मे राहत इंदौरी शायर के साथ-साथ कॉलेज में प्रोफेसर भी थे। राहत साहब अपनी शायरी के लिए देश ही नहीं दुनिया में भी प्रसिद्ध थे। राहत इंदौरी ने देश के अलग-अलग मंचों पर उर्दू में अपने एक अलग अंदाज में शायरी कर ध्यानाकर्षित किया। वहीं अस्पताल के छाती रोग विभाग के प्रमुख डॉ. रवि डोसी ने बताया कि इंदौरी के दोनों फेफड़ों में निमोनिया था। सांस लेने में तकलीफ के चलते उन्हें में रखा गया था और कृत्रिम ऑक्सीजन दी जा रही थी। इंदौरी के बेटे और युवा शायर सतलज राहत ने बताया कि के प्रकोप के कारण मेरे पिता पिछले साढ़े चार महीने से घर में ही थे। वह केवल अपनी नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए घर से बाहर निकल रहे थे। उन्होंने बताया कि इंदौरी को पिछले पांच दिन से बेचैनी महसूस हो रही थी और डॉक्टरों की सलाह पर जब उनके फेफड़ों का एक्स-रे कराया गया, तो इनमें निमोनिया की पुष्टि हुई। बाद में जांच में वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। सतलज ने बताया कि उनके पिता हृदय रोग और मधुमेह सरीखी पुरानी बीमारियों से पहले ही जूझ रहे थे। इंदौरी की उम्र ज्यादा होने के कारण डॉक्टरों ने उनको अस्पताल में भर्ती होने को कहा था ताकि अच्छे से देखरेख हो सके। बता दें कि राहत इंदौरी मशहूर बता दें कि राहत इंदौरी मशहूर शायर थे।

## सुलझ गया राजस्थान का सियासी संकट, सुरजेवाला बोले- भाजपा को मिला करारा जवाब

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राजस्थान के सियासी संकट के पटाक्षेप के बाद मंगलवार को कहा कि अब सभी नेता एवं विधायक कड़वाहट भूलकर प्रदेश की तरक्की के लिए काम करेंगे। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह दावा भी किया कि सरकार गिराने का प्रयास कर रही भाजपा को करारा जवाब मिला है। उन्होंने ट्वीट किया, राजस्थान के राजनीतिक घटनाक्रम के पटाक्षेप पर आठ करोड़ प्रदेशवासियों को बधाई। राहुल गांधी की दूरदृष्टि व सबको साथ लेकर चलने का संकल्प और प्रियंका गांधी का सहयोग रंग लाया। अशोक गहलोत की परिपक्वता और सचिन पायलट के विश्वास व निष्ठा ने हल निकाला। सुरजेवाला ने कहा, ये राजस्थान के तरक्की पथ पर चलने की जीत है। ये भाजपा को करारा जबाब है जो अल्पमत में हो कर व जनता से दरकिनार किए जाने के बावजूद सरकार बनाने के सपने देख रहे थे। ये वही हैं जो सब हथकंडे अपनाने के बाद भी भाजपा विधायक दल की बैठक तक नही बुला पाए व आखिर में बाड़ेबंदी करनी पड़ी। उन्होंने कहा, अब सब गिले-शिकवे और कड़वाहट भुला सभी विधायक व कांग्रेस के साथी शक्तिशाली, शांतिप्रिय व तरक्की पसंद राजस्थान के लिए काम करेंगे। यही वीरभूमि राजस्थान का ध्येय व कर्म है। गौरतलब है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ सचिन पायलट की मुलाकात के बाद राजस्थान का सियासी संकट खत्म हो गया। पायलट खत्म हो गया। पायलट खत्म हो गया। पायलट और उनके समर्थक विधायकों के मुद्दों के समाधान के लिए पार्टी ने तीन सदस्यीय समिति गठित करने का फैसला किया है।

## केजरीवाल की प्लाज्मा बैंक खोलने की पहल बनी कोरोना मरीजों के लिए संजीवनी

**नई दिल्ली।**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्लाज्मा बैंक खोलने की निजी पहल अब कोरोना के गंभीर मरीजों के लिए संजीवनी बन गई है। दिल्ली सरकार द्वारा कोविड-19 का मुकाबला करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के साथ, प्लाज्मा थेरेपी दिल्ली -एनसीआर में गंभीर रूप से बीमार कोविड-19 मरीजों के शीघ्र स्वस्थ्य करने में कारगर साबित हुआ है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पहल पर देश का पहला प्लाज्मा बैंक 2 जुलाई को आईएलबीएस अस्पताल में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य कोविड के गंभीर मरीजों को निन्शुल्क उच्च गुणवत्ता का प्लाज्मा प्रदान करना था। इसके बाद, दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में एक और प्लाज्मा बैंक शुरू किया गया। जिससे अब तक 710 लोगों को मुफ्त प्लाज्मा दिया गया है, जिससे कोरोना के गंभीर मरीजों का इलाज संभव हो पाया। अब तक 921 लोग प्लाज्मा दान कर चुके हैं। दिल्ली मॉडल का यह सिस्टम कोविड इलाज प्रतिक्रिया में एक महत्वपूर्ण तत्व रहा है और अब देश के अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार के आईएलबीएस और एलएनजेपी अस्पताल में स्थापित प्लाज्मा बैंक से दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार व एमसीडी के अस्पतालों के अलावा सभी निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे कोरोना के गंभीर मरीजों को निशुल्क प्लाज्मा उपलब्ध कराया जा रहा है। आज की तारीख तक आईएलबीएस और एलएनजेपी के प्लाज्मा बैंक से 710 यूनिट प्लाज्मा दिल्ली के विभिन्न सरकारी व निजी अस्सालों में इलाज करा रहे कोरोना के गंभीर मरीजों को निशुल्क दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि दुनिया के सभी विशेषज्ञों का मानना था कि प्लाज्मा से कोरोना के गंभीर मरीजों का कारगर इलाज हो सकता है। जिसके बाद दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार से प्लाज्मा थेरेपी की इजाजत मांगी।

केंद्र सरकार से इजाजत के बाद प्लाज्मा थेरेपी का ट्रायल दिल्ली में शुरू हुआ। जिसके नतीजें बेहतर आए। जिसके बाद इसका विस्तार किया गया। आम जनता को प्लाज्मा मिलने में दिक्कत हो रही थी। जिसे सुलभ करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा प्लाज्मा बैंक स्थापित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कोविड-19 मरीजों को शीघ्र स्वस्थ्य करना और मौतों की संख्या शून्य करना था। प्लाज्मा बैंक के लॉन्च के दौरान, सीएम अरविंद केजरीवाल ने कोविड-19 से ठीक हो चुके लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर प्लाज्मा दान करने और कोरोना के खिलाफ दिल्ली की लड़ाई में प्रभावी योगदान देने का अनुरोध किया था, जो कि कोविड प्रतिक्रिया के दिल्ली मॉडल का सार है। उन्होंने कहा कि कोविड -19 मरीजों की मृत्यु दर कम करने में प्लाज्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और जब तक कोई टीका नहीं आता है, तब तक कॉन्वेसेंट प्लाज्मा थेरेपी को कोविड -19 के प्रभावी उपचार के रूप में देखा जाना चाहिए।

### संक्षिप्त समाचार



## कुमारस्वामी का आरोप, हिंदी राजनीति के चलते दक्षिण के नेता नहीं बन पाते प्रधानमंत्री

**नेशनल डेस्क।** हिंदी भाषा को लेकर एक बार फिर से विवाद शुरू हो गया है। जनता दल सेकुलर के नेता एचडी कुमारस्वामी ने दक्षिण के नेताओं को 'हिंदी राजनीति और भेदभाव' के चलते मौका नहीं मिलने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि इन बातों ने कई दक्षिण भारतीयों को प्रधानमंत्री बनने से रोका है। हिंदी नहीं जानने के कारण द्रमुक सांसद कनिमोई से सीआईएसएफ अधिकारियों द्वारा कथित रूप से ' क्या आप भारतीय हैं' जैसा सवाल करने पर क्षोभ प्रकट करते हुए कर्नाटक के पूर्व सीएम ने सत्तारूढ़ वर्ग पर दक्षिण का 'तिरस्कार करने' और उसकी 'अनदेखी' करने का आरोप लगाया। अपने ट्वीटों में उन्होंने कन्नड़ों को कई सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों की नौकरियों में मौकों से कथित रूप से वंचित रखने को लेकर भी चिंता प्रकट की और कहा कि व्यक्ति को या तो अंग्रेजी में या हिंदी परीक्षा देनी पड़ती है। कुमारस्वामी ने लिखा, 'द्रमुक सांसद कनिमोई से सवाल किया गया 'क्या आप भारतीय हैं?' मैं बहन कनिमोई का किए गए अपमान पर अपनी आवाज उठाता हूं।' उन्होंने लिखा, 'अब यह बहस करना बिल्कुल उपयुक्त है कि कैसे दक्षिण के नेताओं से हिंदी-राजनीति और भेदभाव के चलते मौके छीन लिए गए।' बता दें कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सांसद कनिमोई ने रविवार को आरोप लगाया था कि चेन्नई हवाईअड्डे पर जब वह हिंदी में नहीं बोल सकी, तब सीआईएसएफ की एक अधिकारी ने उनसे पूछा कि 'क्या वह भारतीय हैं।' इस पर, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने मामले की जांच का आदेश दिया। कुमारस्वामी ने कहा कि हिंदी की राजनीति ने कई दक्षिण भारतीयों को प्रधानमंत्री बनने से रोका है और एच डी देवेगौड़ा, करूणानिधि एवं कामराज उनमें प्रमुख है। उन्होंने कहा कि वैसे तो उनके पिता (देवेगौड़ा) इस बाधा को तोड़ने में सफल रहे लेकिन भाषा के कारण उनकी आलोचना किए जाने और उनका उपहास उड़ाये जाने की कई घटनाएं सामने आईं।

## मौत से एक दिन पहले सुशांत की इस बड़े फिल्म निर्माता से हुई थी 15 मिनट तक फोन पर बात

**मुंबई।** निर्माता रमेश तोरानी ने मंगलवार को बताया कि उन्होंने और निर्देशक निखिल आडवाणी ने अपनी फिल्म के बारे में बात करने के लिए सुशांत को उनकी मौत से एक दिन पहले कॉल किया था। चौंतीस वर्षीय राजपूत का शव उनके बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में 14 जून को मिला था। तोरानी ने इंस्टाग्राम पर साझा किया है कि उन्होंने राजपूत से 13 जून को दोपहर करीब सवा दो बजे कॉन्फ्रेंस कॉल पर बात की थी, जिसमें आडवाणी और अभिनेता के मैनेजर भी शामिल थे। उन्होंने लिखा है, दुआ सलाम के बाद, निखिल आडवाणी और मैंने सुशांत को कहानी की विषय वस्तु बतायी। हां, हम उनके और उनके मैनेजर उदय के साथ कॉन्फ्रेंस , मुझे नहीं पता है कि कैसे कामकाज के लिए किए गए फोन कॉल पर आप किसी व्यक्ति की भावनाओं को समझ लेंगे। प्रोडक्शन हाउस टिप्स के प्रमुख तोरानी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस कॉल करीब 15 मिनट चला। उन्होंने बताया कि राजपूत को फिल्म का आइडिया पसंद आने के बाद टीम उनके साथ अभी शुरुआती बातचीत कर रही थी।

## गहलोत से पायलट की नाराजगी नहीं हुई कम! बोले- सीएम की टिप्पणी से दुखी हूं

**नेशनल डेस्क।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि मैंने राजनीति को व्यक्तिगत नहीं बनाया, बस अपनी बात रखी। कांग्रेस में वापसी के बाद पायलट पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजनीति में द्वेष, गलानी, दुर्भावना की कोई जगह नहीं होती है। मैंने हमेशा कोशिश की है कि राजनीतिक संवाद हो, शब्दावली हो। बहुत सोच समझकर अपनी बातों को रखना चाहिए। पायलट ने कहा कि मैंने अपने परिवार से कुछ संस्कार हासिल किए हैं। कितना भी मैं किसी का विरोध करुं किसी भी दल का नेता हो मेरा कट्टर दुश्मन भी हो। मैंने कभी ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं किया। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उन्हें निकम्मा बताने के सवाल पर कहा कि मुख्यमंत्री के बयान से मैं भी दुखी था। राजनीति में भाषा मर्यादित एवं बयानबाजी सोच समझकर की जानी चाहिए। कोई आदमी पार्टी से बड़ा नहीं होता और काम करने वाले को सम्मान मिलना चाहिए।

## गंगा की सहायक नदियों में फैली गंदगी को लेकर एनजीटी सख्त, मांगा जवाब

**नेशनल डेस्क।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने मंगलवार को कहा कि गंगा की सहायक नदी हिंडन बहुत प्रदूषित नदी है और इसे साफ करने के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठाए गए। अधिकरण ने उत्तरप्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि नदी के पुनर्जीवित करने के लिए समन्वय बनाना सुनिश्चित करें। हरित अधिकरण ने कहा कि एक विभाग से दूसरे विभाग पर ठीकरा फोड़ने के बजाए हिंडन के जल की गुणवत्ता ठीक करने के कदम उठाए जाने चाहिए। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए.के. गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि नदी व्यावहारिक रूप से मृत हो चुकी है और पर्यावरण तथा जनस्वास्थ्य के हित में इसे पुनर्जीवित करने की जरूरत है। शहरी विकास, सिंचाई, जल निगम और पर्यावरण सहित संबंधित विभागों द्वारा सार्थक प्रगति हासिल करना जरूरी है। अधिकरण ने कहा कि काली, कृष्णा और हिंडन में गिरने वाले सभी नालों के पानी का शोधन किया जाना चाहिए और उन्हें सीवेज शोधन संयंत्र से जोड़ने की योजना बनाई जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि मुख्य सचिव सुनिश्चित कर सकते हैं कि उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में बनी समिति की कार्ययोजना के मुताबिक सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय बने।

## नौसेना को मिलेंगी 6 नई पनडुब्बियां, 42 हजार करोड़ रुपये की लागत में भारत में होगा निर्माण

**नई दिल्ली।**

भारतीय नौसेना अब और मजबूत होने जा रही है। भारत सरकार ने तय किया है कि वह 42 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली स्टील्थ सबमरीन बनाने की योजना को हरी झंडी देगी। इसके तहत नई जनरेशन की 6 पनडुब्बियां बनाई जाएंगी। इन सभी का निर्माण भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत होगा। बता दें केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया के अंतर्गत डोमेस्टिक प्रॉडक्शन्स को बढ़ावा देने के लिए साल 2017 की मई में स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप पॉलिसी की घोषणा की थी। इसी पॉलिसी के तहत सबसे पहले इन्ही पनडुब्बियों को बनाया जाएगा. इसके लिए विदेशी कंपनियों की मदद ली जाएगी, लेकिन इसका निर्माण भारत में ही होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने जानकारी दी कि इसका टेंडर अगले महीने तक जारी हो सकती है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने सोमवार को कहा कि रक्षा शिपयार्ड मझगांव डॉक्स और पनडुब्बी कार्यक्रम के लिए निजी जहाज-निर्माता एलएंडटी, प्रोजेक्ट -75 इंडिया के लिए टेंडर अगले महीने तक जारी किया जाना चाहिए। दो भारतीय शिपयार्ड को पहले से शॉर्ट-लिस्ट में लिस्टेड पांच ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चरर के साथ साझेदारी के बाद आरएफपी में अपनी तकनीकी और वाणिज्यिक बोलियाँ प्रस्तुत करनी होंगी पांच ओईएम रुबिन डिजाइन ब्यूरो (रूस), नेवल ग्रुप-डीसीएनएस सिस्टम्स (जर्मनी), नवैन्टिया (स्पेन) और देवू (दक्षिण कोरिया) हैं। नौसेना को उम्मीद है कि साल 2021-2022 के बाद पहली नई पनडुब्बी क्क 75द्व आ जाएगी। फिलहाल नौसेना के पास वर्तमान में केवल दो नए स्कॉर्पीन और 13 पुराने डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के अलावा दो परमाणु-संचालित पनडुब्बियां हैं।

## पंजाब सरकार की तरफ से नए आदेश जारी, कर्फ़्यू में राहत का ऐलान



**चंडीगढ़।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के चलते राज्य सरकार की तरफ से पंजाब में लगाए गए रात के कर्फ़्यू में ढील दी गई है। इस ढील के तहत पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेशों के तहत राज्य में 12 तारीख की रात को कर्फ़्यू के समय में बदलाव किया गया है। नए आदेशों के तहत 12 तारीख की रात को कर्फ़्यू रात 1 से सुबह 5 बजे तक लागू रहेगा जबकि पहले कर्फ़्यू का समय रात 11 से सुबह 5 बजे तक का था। इसके अलावा पंजाब के जालंधर, लुधियाना और पटियाला जिले में कर्फ़्यू का समय रात 9 से सुबह 5 बजे तक है। इन आदेशों के तहत इन जिलों में भी कर्फ़्यू एक दिन के लिए रात 1 से सुबह 5 बजे तक रहेगा। बता दें कि 13 अगस्त से आम की तरह रात 11 से सुबह 5 बजे तक कर्फ़्यू रहेगा जबकि 3 जिलों में जालंधर, लुधियाना और पटियाला में कर्फ़्यू का समय रात 9 से सुबह 5 बजे तक होगा। आम की तरह रात 11 से सुबह 5 बजे तक कर्फ़्यू रहेगा जबकि 3 जिलों में जालंधर, लुधियाना और पटियाला में कर्फ़्यू का समय रात 9 से सुबह 5 बजे तक होगा।

## दिल्ली में थमी कोरोना की रफ्तार, सत्येंद्र जैन ने कहा- राजधानी का डबलिंग रेट देश से कम



**नई दिल्ली/ डेस्क।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा है कि दिल्ली में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। दिल्ली में कोरोना के मामलों की संख्या 50 दिन से भी अधिक दिन में डबल हो रही है, जबकि देश में कोरोना का डबलिंग रेट 20 दिन है। वहीं सत्येंद्र जैन ने ये भी बताया कि दिल्ली में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है। दिल्ली के अस्पतालों में अधिकतर कोरोना मरीज दिल्ली के बाहर के हैं। राजधानी में पिछले 2 सप्ताह में पॉजिटिव रेट 6त्न पर और एक्टिव केसों की संख्या स्थिर बनी हुई है। हालांकि मौतों की संख्या में गिरावट आ रही है। सोमवार को दिल्ली सरकार ने 3 अगस्त से 9 अगस्त तक का कोरोना का साप्ताहिक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट कार्ड के अनुसार दिल्ली में पिछले 2 सप्ताह में दिल्ली का पॉजिटिव रेट 6त्न ही बना हुआ है, यानी 100 लोगों के टेस्ट में भी अभी सिर्फ 6 लोग ही पॉजिटिव आ रहे हैं। वहीं एक्टिव की संख्या भी करीब-करीब स्थिर बनी हुई है। देश का डबलिंग रेट 20 दिन के करीब है और दिल्ली में डबलिंग रेट 50 दिन से ऊपर है। दिल्ली के अस्पतालों में भर्ती लोगों में एक तिहाई से ज़्यादा लोग दिल्ली के बाहर के हैं। अभी दिल्ली में 7.4त्न एक्टिव केस हैं। दिल्ली एक्टिव केस की संख्या में पिछले सप्ताह ही देश में दूसरे स्थान से चौदवें स्थान पर आ गई है। रिकवरी रेट में भी हल्का सा सुधार हुआ है। पिछले सप्ताह कोरोना मरीजों का रिकवरी रेट 89.57 प्रतिशत था जो इस सप्ताह बढ़कर करीब 90 पहुंच गया है। राष्ट्रीय स्तर पर कोणों का रिकवरी रेट 68. 78 है। दिल्ली में कोरोना संक्रमण के मामलों में अब धीमी गति से इजाफा हो रहा है। यहां सोमवार को 24 घंटो में कोरोना के 707 नए मामले सामने आए हैं और एक दिन में 20 मरीजों की जान गई है। इसके साथ ही राजधानी में संक्रमण के कुल मामले 1 लाख 46 हजार 134 हो गए हैं। संक्रमण के कुल मामलों में सक्रिय मामलों की संख्या 10,346 है। वहीं 1,31,657 लोग कोरोना को मात देकर ठीक हो चुके हैं। यहां अब तक 4,131 लोगों की जान जा चुकी है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## अंडमान से जुड़ाव

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के साथ भारत की मुख्य भूमि का साइबर जुड़ाव मजबूत होना आवश्यक और स्वागतयोग्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल चेन्नई व पोर्ट ब्लेयर को जोड़ने वाले 2,312 किलोमीटर लंबे ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) तंत्र का उद्घाटन किया है। इस केबल तंत्र में कई तरह की मशीनें शामिल हैं, जिनसे भारत का साइबर ढांचा बहुत मजबूत हो गया है। इससे पूरे अंडमान-निकोबार में मोबाइल, इंटरनेट की सेवा गुणवत्ता में बहुत बढ़ोतरी हो जाएगी। उच्च गति की ऐसी ब्रॉडबैंड सेवा भी नसीब होगी, जिससे देश का यह हिस्सा अभी तक वंचित था। अव्वल तो इंटरनेट की न्यूनतम गति के कारण अंडमान-निकोबार में किसी का ठहरना आसान नहीं था, क्योंकि बिना इंटरनेट के आजकल पर्यटक कहीं नहीं रुकते। अब वहां पर्यटक तो रुक पाएंगे ही, कारोबारियों को भी वहां रुककर विकास परियोजनाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। वहां रोजगार सृजन में तेजी आएगी। लगभग 1,224 करोड़ रुपये की लागत से यह केबल तंत्र स्थापित किया गया है, लेकिन समय और जरूरत को देखते हुए यह खर्च ज्यादा नहीं है। जिस गति से भारत के आसपास नौसैनिक हलचल बढ़ी है, जिस तरह से चीन हमें घेरने की कोशिश में है, हमें अपने तमाम द्वीपों को सुरक्षित करना ही होगा। अंडमान-निकोबार में कुल 572 द्वीप हैं, जिनमें से 37 द्वीपों पर ही मानव बस्ती है। इनमें से कुछ द्वीपों पर दुर्लभ नस्ल के आदिवासियों की बसावट बताई जाती है, जहां शोधकर्ताओं के अतिरिक्त किसी को जाने की इजाजत नहीं है। पर तब भी अंडमान-निकोबार में करीब 12-15 द्वीप ऐसे हैं, जहां मानव आबादी ठीकठाक तादाद में है और वहां इंटरनेट सेवा विस्तार से कायाकल्प की संभावना है। केबल बिछाना सुरक्षा और विकास, दोनों ही दृष्टि से जरूरी था और यह काम पहले ही हो जाना चाहिए था। जिन द्वीपों पर बड़े उद्योग स्थापित नहीं हो सकते, वहां आईटी सेवाओं का विकास ज्यादा जरूरी है, ताकि पर्यावरण को ज्यादा नुकसान पहुंचाए बिना वहां आर्थिक गतिविधियां तेज हो सकें। युवाओं को समय के हिसाब से प्रशिक्षण व रोजगार मिल सकें। खास यह भी कि केबल बिछाने की परियोजना को भारत संचार निगम लिमिटेड ने अंजाम दिया है। केबल बिछाने से न केवल हमारा द्वीप समूह, बल्कि हम स्वयं पहले से अधिक सशक्त व सुरक्षित हुए हैं। जिस तरह से अंडमान-निकोबार में इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने की कोशिश हुई है, ठीक इसी तरह की कोशिश पूरे देश में करने की जरूरत है। भारत को भले ही सूचना प्रौद्योगिकी के लिए जाना जाता हो, पर यहां इंटरनेट स्पीड बहुत कम है। विज्ञान में अग्रणी देश भारत इंटरनेट स्पीड के मामले में दुनिया के टॉप 100 देशों में भी शामिल नहीं है। हमारे यहां 4जी की स्पीड पाकिस्तान, म्यांमार और श्रीलंका से भी कम है। 66 करोड़ उपभोक्ताओं के आधार के बावजूद भारत में 4जी डाटा स्पीड 6.9 से 9.5 एमबी प्रति सेकंड है, जबकि विश्व में डाटा स्पीड का औसत 34 से 35 एमबी प्रति सेकंड है। चीन में 4जी डाटा डाउनलोड स्पीड 103 से 105 एमबी प्रति सेकंड है। अतः इंटरनेट स्पीड में भारत को लंबा रास्ता तय करना है। हमारे यहां स्पेक्ट्रम महंगे हैं और निजी कंपनियां आर्थिक तंगी की वजह से मशीनरी पर खर्च कम कर रही हैं। बेशक, इस दिशा में सरकार को युद्ध स्तर पर पहल करनी चाहिए।

## आज के ट्वीट

### सालाना इनकम

रिया चक्रवर्ती की सालाना इनकम उनके इनकम टैक्स रिटर्न के अनुसार 12 लाख रुपए है वह कभी भी 20 लाख रुपए प्रति पेशी और 7 लाख रुपए वकालतनामा लेने वाला वकील सतीश मानशिंदे को नहीं रख सकती जरूर रिया को कोई पैसा दे रहा है जो इतना बड़ा वकील रखकर ताकि इस मामले को खत्म कर दिया जाए.

--अर्णव गोस्वामी

# मानवीय हस्तक्षेप से बाढ़ का विस्तार

भरत झुनझुनवाला



बिहार समेत सम्पूर्ण पूर्वी भारत में बाढ़ से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। हर वर्ष बाढ़ का स्वरूप अधिक आक्रामक होता जा रहा है। इसका मूल कारण यह है कि हम नदियों को केवल पानी लाने वाली एक व्यवस्था के रूप में देखते हैं और नदियों के द्वारा लायी जाने वाली गाद को नजरअंदाज करते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि हरिद्वार से कोलकाता तक देश का जो समतल भूखंड है, वह हिमालय से लायी गयी गाद से ही निर्मित हुआ है। गंगा हिमालय से गाद लाती है और उसे बाढ़ के रूप में जमीन पर फैलाती है, जिससे हमारा भूखंड ऊंचा होता जाता है। साथ-साथ वह अपने मुख्य चैनल में हर साल कुछ न कुछ गाद को जमा करती जाती है। भविष्य में पांच-दस साल बाद जब भारी बाढ़ आती है तो वह अपने चैनल में जमा गाद को अपने वेग से धकेल कर समुद्र तक ले जाती है। धकेली गई गाद का भी देश के भूखंड को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान होता है। जैसे पूर्व में किसी समय हमारा भूखंड कानपुर तक रहा होगा। समय क्रम में गंगा की बड़ी बाढ़ ने उस गाद को धकेला और उस गाद से प्रयागराज तक का भूखंड बना। फिर पटना बना और फिर सुंदरबन तक बना। गंगा की इस पावन व्यवस्था में हमने दो प्रकार से छेड़छाड़ की है। पहली यह कि हमने टिहरी बांध बनाकर भारी मात्रा में गाद को बांध के तालाब में रोक लिया है। दूसरा परिवर्तन यह किया है कि भीमगोड़ा और नरोरा बैराज में बरसात के समय गंगा के पानी को सिंचाई के लिए निकालकर गाद का आगे जाना कम कर दिया है। इससे दो परस्पर विरोधी प्रभाव हुए। पहला यह कि गाद आगे कम जाने से गंगा का पानी जब फैलता है तो उसमें गाद की मात्रा कम होती है और गंगा के पेटे में गाद का एकत्रीकरण कम होता है। दूसरा प्रभाव यह हुआ है कि हमने टिहरी में भागीरथी के पानी को रोक लिया और मानसून के समय भीमगोड़ा और नरोरा में गंगा के कुछ पानी को निकाल लिया। इसलिए वेग से आने वाली बड़ी बाढ़ का आना बंद हो गया है। इन्हीं कारणों से कम मात्रा में आई हुई गाद अब नदी के पेटे में जमा होती जा रही है और बड़ी बाढ़ के अभाव में वह अब समुद्र तक नहीं धकेली जा रही है। फलस्वरूप बरसात के समय कम गति से आने वाला पानी पेटे में जमा गाद को धकेल कर समुद्र तक नहीं पहुंचा पा रहा है। गाद नदी के पेटे में ही पड़ी रह जाती है। भले ही वह कम मात्रा में ही क्यों न हो। इसका परिणाम यह हो रहा है कि नदी का चैनल उथला होता जा रहा है। जितना बाढ़ का प्रकोप पहले बड़ी बाढ़ में होता था, उतना ही प्रकोप अब छोटी बाढ़ में होने लगा है और प्रति वर्ष जनजीवन अस्तव्यस्त होने लगा है। जैसे यदि खेत की नाली में मिट्टी भर दी जाये तो नाली के उथला हो जाने के कारण थोड़ा पानी भी अगल-बगल ज्यादा बिखरता है। गाद के समुद्र तक न धकेले जाने के कारण हमारी धरती का भूखंड बढ़ने के स्थान पर अब घटने लगा है। समुद्र की गाद के लिए एक स्वाभाविक भूख होती है। जैसे आपको और हमको रोटी खाने की इच्छा होती है वैसे ही समुद्र को गाद खाने की इच्छा होती है। जब उसे नदी से गाद मिलना बंद हो जाती है तो वह हमारे तटीय क्षेत्रों को खाने लगता है। पूर्व में गंगा भारी मात्रा में गाद लाती थी। उससे वह भूखंड का निर्माण करती थी और समुद्र की भूख को भी पूरा कर देती थी और हमारा भूखंड भी बढ़ रहा था। अब गाद कम आने से समुद्र की भूख पूरी नहीं हो रही है, समुद्र की भूख का शमन नहीं हो रहा है, और आज समुद्र सुंदरबन को काटने लगा है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि टिहरी, भीमगोड़ा और नरोरा द्वारा गाद को रोकने और बाढ़ को रोकने के कारण हमारे देश का भूखंड कट रहा है। ऐसा कहा जा सकता है कि अप्रत्यक्ष रूप से टिहरी, भीमगोड़ा और नरोरा द्वारा देश की भूमि का भक्षण किया जा रहा है। इस समस्या के पीछे फरक्का बैराज की भी बड़ी भूमिका है। वैज्ञानिक बताते हैं कि नदी पर एक पुल बनाने मात्र से ही नदी के प्रवाह के वेग में कमी आ जाती है। अतः यदि फरक्का बैराज के सब गेट खोल दिए जाएं तो भी गंगा का वेग कम ही होगा। वेग कम होने से गंगा द्वारा जो कम मात्रा में गाद लायी जा रही है, वह रास्ते में ही ठहर जाती है। पहले हमने बड़ी बाढ़ को बंद करके जो गाद जमा की थी, उसे धकेल कर हटाना बंद किया; फिर फरक्का बनाकर गाद का जमा करना बढ़ा दिया। कुछ वैज्ञानिकों का मत है कि फरक्का के कारण पटना से लेकर फरक्का के बीच में गाद जमा हो रही है, जिसके कारण इस पूरे क्षेत्र में गंगा उथली हो गयी है और कम पानी में भी बाढ़ का प्रकोप अधिक हो रहा है। गंगा का वेग कम हो जाने से गंगा की गंडक और कोसी जैसी नदियों द्वारा लाये गये बाढ़ के पानी को वहन करने की क्षमता भी कम हो रही है, जिसके कारण बाढ़ पीछे भी बढ़ रही है। टिहरी हाईड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन ने जब टिहरी बांध बनाया था तो उस समय आशा थी कि यह झील तीन सौ वर्ष में गाद से भरेगी। कारपोरेशन द्वारा हाल में कराए गये अध्ययन में यह बात सामने आई है कि झील 140 से 170 वर्ष में ही पूरी तरह गाद से भर जायेगी और इसके बाद टिहरी बांध में भागीरथी के पानी को रोकने की क्षमता शून्य हो जाएगी। और तब हमें बाढ़ के साथ जीना ही पड़ेगा। इसलिए हम टिहरी बांध का विकल्प तलाशें ताकि बाढ़ आना शुरू हो और गंगा द्वारा गाद को समुद्र तक धकेला जा सके; एवं फरक्का का विकल्प तलाशें कि गाद जमा होना कम हो। बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए हमें अपने गांवों को और शहरों को इस प्रकार बसाना चाहिए कि हम बाढ़ के साथ जीवित रह सकें। छोटी बाढ़ को रोकने में हमने अनायास ही बड़े संकट को मोल ले लिया है। सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड ने बताया है कि उत्तर प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में भूमिगत तालाबों में टिहरी की तुलना में पानी संग्रहण की तीस गुना क्षमता है। इस संग्रहण को बढ़ाकर टिहरी के बिना भी दिल्ली को पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सकता है।

लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं।

ज्ञान गंगा

## सच्ची मित्रता

आचार्य रजनीश ओशो/ मित्रता वह प्रेम है जो बिना जैविक कारणों से होता है। यह वैसी मित्रता नहीं है जैसा कि तुम सामान्य रूप से समझते हो--प्रेमी या प्रेमिका की तरह। यह जो शब्द--मित्रता है, उसे किसी भी तरह यौनाकर्षण से संयुक्त कर देखना निरी मूर्खता है। यह सम्मोहन और पागलपन है। जैविकता प्रजनन के लिए तुम्हारा उपयोग कर रही है। अगर तुम यह सोचते हो कि तुम प्रेम में हो, तो तुम गलती में हो, यह केवल हार्मोन का आकर्षण है। तुम्हारे शरीर का रसायन बदला जा सकता है और तुम्हारा प्रेम नदारद हो जाएगा। हार्मोंस का केवल एक इंजेशन, और पुरु ष स्त्री बन सकता है और स्त्री पुरु ष बन सकती है। मित्रता है बिना यौनाकर्षण का प्रेम। यह एक दुर्लभ घटना बन गई है। अतीत में यह महत्त्वपूर्ण घटना रही है, पर अतीत की कुछ महान अवधारणाएं बिल्कुल खो गई हैं। यह बहुत आश्चर्यजनक है कि कुरूप चीजें हमेशा जिद्दी होती हैं, वे आसानी से नहीं मरतीं; और सुंदर चीजें बहुत कोमल होती हैं, वे आसानी से मर जाती हैं और गुम हो जाती हैं। आज कल मित्रता को केवल यौनाकर्षण के संबंध में या आर्थिक स्तर पर या सामाजिकता के तौर पर ही समझा जाता है, वह महज परिचय है या जान-पहचान है। मित्रता का मतलब है कि आवश्यकता पड़ने पर तुम स्वयं का बलिदान करने को भी तत्पर हो। मित्रता का मतलब है कि तुमने किसी अन्य व्यक्ति को स्वयं से ज्यादा महत्त्वपूर्ण माना। यह व्यापार नहीं है। यह अपने आप में पवित्र प्रेम है। जिस तरह से तुम अभी हो, वैसे ही इस तरह की मित्रता संभव है। अचेतन व्यक्ति भी इस तरह की मित्रता रख सकते हैं, लेकिन जब तुम स्वयं के प्रति ज्यादा सजग होने लगते हो तब मित्रता मैत्री में बदलने लगती है। मैत्री का आशय ज्यादा व्यापक, ज्यादा बड़ा आकाश है। मैत्री के मुकाबले मित्रता छोटी चीज है। मित्रता टूट सकती है और मित्र शत्रु बन सकता है। मित्रता में इस तरह की स्थिति बदलने की संभावना हमेशा बनी रहती है। इस संबंध में मुझे मैक्यावली का स्मरण होता है, जिसने विश्व के राजकुमारों को मार्गदर्शन किया है उसकी महान किताब 'दि प्रिन्स' में। उनमें से एक परामर्श यह थाः ऐसी कोई बात अपने मित्र को मत बताओ जो कि तुम अपने शत्रु को नहीं बता सकते क्योंकि वह व्यक्तिजो आज मित्र है, कल शत्रु बन सकता है। और एक परामर्श यह भी था कि अपने शत्रु के संबंध में भी ऐसा मत बोलो, जो उसके विरोध में हो, क्योंकि शत्रु भी कल मित्र बन सकता है।




# लक्ष्मण रेखा तय कर सकती है शीर्ष अदालत

मीडिया ट्रायल/ अनूप भटनागर



तबलीगी जमात के समागम से लेकर अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु तक की घटनाओं से जुड़ी खबरों को चटपटा और सनसनीखेज बनाने की कवायद ने आपराधिक मामलों में मीडिया की लक्ष्मण रेखा पर सवाल खड़े किये हैं। तमाम न्यायिक व्यवस्थाओं के बावजूद देश के चौथे स्तंभ के एक वर्ग द्वारा 'लक्ष्मण रेखा' लांघने की वजह से महत्वपूर्ण और चर्चित आपराधिक मामलों की जांच के दौरान मीडिया के एक वर्ग द्वारा अपनी समानांतर जांच के आधार पर पेश की जा रही खबरों को मीडिया ट्रायल का नाम दिया जा रहा है। इसमे कोई दो राय नहीं है कि कई बार नामचीन व्यक्तियों या किसी प्रमुख संस्था से जुड़े किसी आपराधिक मामले की जांच के दौरान मीडिया जरूरत से ज्यादा दिलचस्पी दिखाता है। साथ ही किसी मुद्दे पर हो रहे आन्दोलनों से संबंधित किसी घटना की जांच की खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है जो ऐसी घटनाओं की जांच को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। देश की सर्वोच्च अदालत इस बारे में बार-बार मीडिया को आगाह करने के बावजूद उसकी स्वतंत्रता पर किसी भी प्रकार का अंकुश लगाने से अभी तक गुरेज करती रही है। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि भविष्य में न्यायालय से ही कुछ दिशा-निर्देश आ जायेंगे। शीर्ष अदालत ने तबलीगी जमात की गतिविधियों के बारे में मीडिया के एक वर्ग द्वारा प्रकाशित-प्रसारित खबरों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान संकेत दिया है कि वह भारतीय प्रेस परिषद की रिपोर्ट मिलने के बाद उचित निर्देश जारी करेगी। दरअसल, सबसे पहले पाठकों या श्रोताओं तक खबरें पहुंचाने की होड़ में संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(ए) में प्रदत्त बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार की लक्ष्मण रेखा लांघ जाने का पता ही नहीं चलता। जब ऐसे मामलों में थानों में प्राथमिकियां दर्ज होती हैं तब अहसास होता है कि 'लक्ष्मण रेखा' लांघी गयी है। कोरोना वायरस महामारी के दौरान दिल्ली के निजामुद्दीन के मरकज में तबलीगी जमात की गतिविधियों और इसमें शामिल तबलीगियों के देश के दूसरे हिस्से में जाने की घटना के बारे में खबरें कुछ ऐसा ही संकेत देती हैं। भारतीय प्रेस परिषद ने न्यायालय को सूचित किया है कि सांप्रदायिक कटुता फैलाने से संबंधित खबरों को लेकर उसे करीब 50 शिकायतें मिली हैं जबकि न्यूज ब्राडकास्टर्स एसोसिएशन ने भी इस तरह की शिकायतें मिलना स्वीकार किया है। शीर्ष अदालत को मिली शिकायतों पर अब भारतीय प्रेस परिषद और एनबीए की रिपोर्ट का इंतजार है। तबलीगी जमात की गतिविधियों को लेकर मीडिया के एक वर्ग पर सांप्रदायिक कटुता पैदा करने वाली खबरों के प्रसारण-प्रकाशन का मामला पहले से ही उच्चतम न्यायालय में लंबित है। 'फर्जी खबरों' को रोकने और ऐसा करने वालों के खिलाफ ढुलमुल रवैये पर चिंता व्यक्त करते हुए शीर्ष अदालत ने हाल ही में कहा था कि सरकारें अदालत के निर्देश मिलने तक सक्रियता ही नहीं दिखाती हैं। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की 14 जून को मुंबई में मौत और इसके बाद पटना तथा मुंबई पुलिस के बीच जांच को लेकर खींचतान तथा नौ जून को एक अन्य युवती की आत्महत्या को परस्पर जोड़कर नयी तस्वीर पेश करने की मीडिया के एक वर्ग की कवायद पर सवाल उठ रहे हैं। दिशा सालियान नाम की इस युवती के माता-पिता ने मीडिया से अनुरोध किया है कि वह अपुष्ट और अफवाहजनक खबरों से उनके जीवन और प्रतिष्ठा को प्रभावित नहीं करे। लेकिन खोजी पत्रकारिता के नाम पर 'सूत्रों से मिली एक्सक्लूसिव जानकारी' के आधार पर सनसनीखेज खबरें पेश की जा रही हैं। यही वजह है कि सितंबर 2014 में उच्चतम न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पुलिस और जांच एजेंसियों को भी आड़े हाथ लिया था। चूंकि न्यायालय का मानना है कि मीडिया ट्रायल का मुद्दा किसी आपराधिक मामले की निष्पक्ष जांच और मुकदमे की सुनवाई से ही नहीं बल्कि आरोपियों को संविधान के अनुच्छेद 21 में प्रदत्त जीने के अधिकार से भी जुड़ा हुआ है। मीडिया को अभिव्यक्ति की आजादी के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते समय संबंधित घटना से प्रभावित पक्ष या आरोपी या व्यक्ति के अधिकारों और उसकी गरिमा का भी ध्यान रखना चाहिए। दूसरों की प्रतिष्ठा की परवाह नहीं करने की वजह से चिंतित उच्चतम न्यायालय दिशा-निर्देश जारी कर सकता है। इससे पहले कि मीडिया के एक वर्ग द्वारा 'फेक और अपुष्ट तथ्यों' के आधार पर प्रसारित-प्रकाशित खबरों के माध्यम से चर्चित मामलों के मीडिया ट्रायल पर न्यायपालिका कड़ा रुख अपनाये, मीडिया के हितों की रक्षा के लिए बनी संस्थाओं को हस्तक्षेप करके सकारात्मक पहल करनी चाहिए।

# आज का राशिफल

**मेष** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। वाणी की सौम्यता बनाये रखने की आवश्यकता है।

**वृषभ** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। धन हानि की संभावना है।

**मिथुन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। भारी व्यय का सामना करना पड़ सकता है। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**कर्क** व्यावसायिक व पारिवारिक योजना सफल होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। फिजूल खर्ची पर नियंत्रण रखें। नए अनुबंध प्राप्त होंगे।

**सिंह** व्यावसायिक योजना सफल होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। वाद विवाद की स्थिति आपके हित में न होगी। मकान, सम्पत्ति व वाहन की दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा।

**कन्या** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। पारिवारिक जनों के मध्य सुखद समय गुजरेगा। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**तुला** आर्थिक योजना को बल मिलेगा। पिता या उच्चाधिकारी से तनाव मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। विरोधी परास्त होंगे। धन लाभ होने के योग हैं।

**वृश्चिक** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुपए पैसे के लेन देन में सावधानी रखें। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**धनु** आर्थिक दिशा में प्रगति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मकर** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। राजनैतिक क्षेत्र में किए गए प्रयास सफल होंगे। वाणी की सौम्यता आपको लाभ दिलायेगी। भारी व्यय का सामना करना पड़ सकता है। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**कुम्भ** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। खान-पान में संयम रखें। जीविका की दिशा में प्रगति होगी। विरोधी परास्त होंगे। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

**मीन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। मित्रों या रिश्तेदारों से पीड़ा मिलेगी। नेत्र विकार की संभावना है। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## सोने में 1,317 रुपए और चांदी में 2,943 रुपए की हानि

**नई दिल्ली।** बहुमूल्य धातुओं की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 1,317 रुपए टूटकर 54,763 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को बंद भाव 56,080 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 2,934 रुपए की हानि के साथ 73,600 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई जो पिछले कारोबारी सत्र में 76,543 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''रुपए में सुधार आने के कारण सोने में तेजी पर कुछ अंकुश लगा रहा। घरेलू शेयर बाजार में सुधार तथा डॉलर के कमजोर होने के बीच मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 12 पैसे सुधरकर 74.78 रुपए प्रति डॉलर (प्रारंभिक आंकड़े) पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,989 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी की कीमत गिरावट के साथ 27.90 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## ट्रायम्फ मोटरसाइकिल्स ने पेश की स्ट्रीट ट्रिपल आर

**नयी दिल्ली।** ब्रिटिश मोटरसाइकिल कंपनी ट्रायम्फ मोटरसाइकिल्स ने मंगलवार को 'स्ट्रीट ट्रिपल आर' पेश की। भारत में शोरूम पर इसकी कीमत 8.84 लाख रुपये से शुरू होती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह उसकी 'स्ट्रीट ट्रिपल आरएस' का ही वहनीय मॉडल है जो ज्यादा लोगों तक पहुच बनाने में कंपनी की मदद करेगा। 'स्ट्रीट ट्रिपल आरएस' की भारत में शोरूम कीमत 11.33 लाख रुपये है। 'स्ट्रीट ट्रिपल आर' के 2020 मॉडल में कंपनी ने नए बॉडीवर्क, फ्लाइस्क्रीन और साइड पैनल जैसे नए फीचर जोड़े हैं। वहीं पीछे से मोटरसाइकिल को थोड़ा स्पोर्ट लुक दिया है। ट्रायम्फ मोटरसाइकिल्स के भारतीय कारोबार के प्रमुख शोएब फारुक ने कहा कि यह मध्यम श्रेणी की एक प्रीमियम बाइक है। भारत में इस श्रेणी का कारोबार बढ़ रहा है और अधिक प्रतिस्पर्धी हो रहा है। 'स्ट्रीट ट्रिपल आर' इस श्रेणी में हमें मजबूती प्रदान करेगी।

## मिल मालिकों को राहत और लोगों को झटका देने की तैयारी में सरकार, महंगी होगी चीनी

**बिजनेस डेस्क।** देश में बढ़ती महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। रोजमर्रा के दिनों में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के दामों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। अब खबर आ रही है कि सरकार जल्द ही चीनी की कीमतें बढ़ा सकती है। बताया जा रहा है कि ये सब चीनी मिल मालिकों को राहत देने के लिए किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीनी मिलों को सरकार से राहत मिलने का लंबा इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। गन्ने की एफआरपी यानी और चीनी की एमएसपी बढ़ाने का प्रस्ताव कैबिनेट के पास भेजा जा चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चीनी की एमएसपी यानी मिनिमम सेल्स प्राइस 31 रुपए से बढ़ाकर 33 रुपए प्रति किलोग्राम करने का प्रस्ताव है। जबकि एफआरपी 275 से बढ़ाकर 285 रुपए प्रति क्विंटल करने का प्रस्ताव रखा गया है। बताया जा रहा है कि इसके लिए सीसीईए से भी जल्द मंजूरी प्रदान की जाएगी। अगर एमएसपी बढ़ाया जाता है तो इससे मिल मालिकों को तकरीबन 2,200 करोड़ रुपए का मुनाफा होगा। सरकार ने जिस तरह के संकेत दिए हैं उससे साफ है कि अगले सीजन में चीनी मिलों के 1 रुपए प्रति किलो फायदा होने का अनुमान है। खबरें तो ऐसी भी मीडिया में आई है कि चानी सेक्टर के लिए सॉफ्ट लोन और एक्सपोर्ट सब्सिडी पर भी जल्द ही सरकार कोई फैसला लेगी। जानकारों के मुताबिक चीनी उत्पादन वर्ष की गणना हर साल 1 अक्टूबर से अगले साल 30 सितंबर के बीच में की जाती है। अगर के संदर्भ में गौर करें तो चीनी जबकि केंद्र द्वारा घोषित के लिहाज से ये बकाया 17 हजार 683 करोड़ रुपए का बनता है। मंत्रालय का कहना है कि पिछले साल मई महीने तक बकाया 28 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया था।

# खनन क्षेत्र में उद्योगों के अनुकूल नये सुधार बहुत जल्द: प्रह्लाद जोशी



**नई दिल्ली ।** मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार खनन क्षेत्र में बहुत जल्द उद्योगों के अनुकूल और सुधारों को आगे बढ़ायेगी। जोशी ने उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित एक वेबिनार कार्यक्रम में कहा खनन क्षेत्र में बहुत जल्द उद्योगों के अनुकूल और उत्पादक कार्यों को बढ़ाने वाले और सुधारों को आगे लाया जायेगा। भारतीय खनन उद्योग का आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान विषय पर आयोजित वेबिनार में जोशी ने कहा इस अवसर पर मैं उद्योग जगत और संबंद्ध पक्षों से यह आग्रह भी करना चाहूंगा कि वे इस बारे में अपने विचार रखें कि किस प्रकार मिलकर गठबंधन और नवोन्मेष के जरिये हम इस क्षेत्र को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। मंत्री ने इस अवसर पर भारतीय खनन क्षेत्र में मौजूद व्यापक संभावनाओं का पता लगाने और उसका दोहन करने के लिय निवेशकों, खोजकर्ताओं और खनन करने वालों को आगे आने का निमंत्रण दिया। मंत्री ने कहा कि अवैध खनन, पर्यावरण मंजूरी और वन मंजूरी जैसे अन्य मुद्दों पर विचार किया जायेगा और आने वाले समय में कानून के मुताबिक उपयुक्त कार्रवाई की जायेगी। मंत्री ने आगे कहा कि खुली और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के जरिये 500 खनन ब्लॉक की पेशकश की जायेगी। उन्होंने कहा कि एक क्षेत्र के तौर पर यह संपत्ति और रोजगार का सृजन करता है और राष्ट्र को भीतर से मजबूत बनाता हे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र ने पिछले वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 4.1 लाख करोड़ रुपये का योगदान किया और 1.1 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया। कुल मिलाकर हर साल 5.5 करोड़ लोग अपनी आजीविका के लिये इस क्षेत्र पर निर्भर रहते हैं। भारत खनिज के लिहाज से संपन्न देश है जहां 95 प्रकार के विभिन्न खनिज पाये जाते हैं। इनमें धात्विक और गैर- धात्विक तथा गौण खनिज शामिल हैं। इनमें धात्विक और गैर- धात्विक तथा गौण खनिज शामिल हैं। जोशी ने कहा कि खनिज क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

## कोविड-19 की मार : भारतीय कंपनियां कर्मचारियों को देंगी मामूली वेतनवृद्धि, कटौती भी करेंगी : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** भारतीय पेशेवरों की वेतनवृद्धि पर इस साल कोविड-19 का झटका लग सकता है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय पेशेवरों की वेतनवृद्धि यदि होती भी है, तो यह बेहद मामूली होगी। इसके अलावा कुछ कंपनियां वेतन में बिल्कुल बढ़ोतरी नहीं करेंगी, जबकि कुछ अन्य तो कर्मचारियों के वेतन में कटौती करेंगी। हालांकि, विशेष दक्षता वाले कर्मचारियों के वेतन में 15 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि हो सकती है। टीमलीज की नौकरियों और वेतन पर प्राइमर रिपोर्ट-2020 में कहा गया है कि इस महामारी से न केवल रोजगार प्रभावित हुआ है, बल्कि इससे भारतीय उद्योग जगत द्वारा अपने कर्मचारियों को पुरस्कृत करने का तरीका भी बदला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों और शहरों में नियोक्ता अत्यधिक दक्षता रखने वाले कर्मचारियों को 15 प्रतिशत से अधिक की वेतनवृद्धि दे रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों और शहरों में वेतनवृद्धि 4.26 प्रतिशत की सह-संस्थापक और कार्यकारी उपाध्यक्ष ऋतुपर्णा चक्रवर्ती ने कहा, ''कंपनियां कर्मचारियों को वेतन वृद्धि देने से कतरा रही हैं।

## जुलाई में यात्री वाहनों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 1,82,779 इकाई

**नयी दिल्ली।** यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई महीने में 3.86 प्रतिशत घटकर 1,82,779 इकाई रह गई। इससे पिछले साल समान महीने में यात्री वाहनों की बिक्री 1,90,115 इकाई रही थी। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के ताजा आंकड़ों के अनुसार जुलाई में दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 15.24 प्रतिशत घटकर 12,81,354 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान महीने में 15,11,717 इकाई थी। इस दौरान मोटरसाइकिलों की बिक्री 4.87 प्रतिशत घटकर 8,88,520 इकाई रह गई। जुलाई, 2019 में मोटरसाइकिलों की बिक्री 9,34,021 इकाई रही थी। इसी तरह स्कूटर बिक्री 36.51 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 3,34,288 इकाई रही। पिछले साल समान महीने में स्कूटर बिक्री का आंकड़ा 5,26,504 इकाई रहा था। सियाम के अध्यक्ष राजन वढ़ेरा ने कहा, ''कोविड के बाद के परिदृश्य में कुछ माह तक बिक्री में लगातार गिरावट रही। हालांकि, अब यात्री वाहन और दोपहिया वाहनों की बिक्री सुधरी है। पिछले महीनों की तुलना में यात्री पिछले महीनों की तुलना में यात्री और दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट कम हुई है।'' उन्होंने कहा कि अगस्त माह के बिक्री आंकड़ों से पता चलेगा कि यह टिकाऊ मांग और सिर्फ दबी मांग नहीं है ।

## रिलायंस के पेट्रोलियम संबं कारोबार में हिस्सेदारी लेने की जांच परख में लगी है अरामको: सीईओ

**नयी दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी तेल निर्यातक कंपनी अरामको, रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के रिफाइनिंग और पेट्रो-रसायन कारोबार में 15 अरब डॉलर मूल्य की हिस्सेदारी खरीदने को लेकर सौदे की जांच-परख कर रही है। अरामको के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमीन नासिर ने यह कहा। दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी ने पिछले साल अगस्त में आरआईएल के तेल से रसायन कारोबार (ओ टू सी) में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी अरामको को बेचने की योजना की घोषणा की थी। इसके लिये उन्होंने उपक्रम का मूल्य 75 अरब डॉलर आंका था। सौदे को मार्च, 2020 तक पूरा होना था लेकिन इसमें देरी हो रही है। नसीर ने जून तिमाही के परिणाम को लेकर निवेशकों के साथ बातचीत में कहा, ''रिलायंस के साथ सौदे के संदर्भ में इस समय मैं केवल इतना कह सकता हूं कि इसकी जांच-परख का काम जारी है।'' उन्होंने कहा, ''सौदे को लेकर जारी जांच-परख के आधार पर, हम इस बारे में निर्णय करेंगे।'' नसीर ने निवेशक कॉल में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े एक जगह पर स्थित रिफाइनिंग परिसर और भारत की सबसे बड़ी पेट्रो रसायन संपत्ति एक बड़ा सौदा है। इसीलिए, हमें इसकी समीक्षा के लिये समय चाहिए और उसके बाद जांच-परख के अध्ययन के नतीजे के आधार पर हम निर्णय करेंगे।'' अंबानी ने पिछले महीने रिलायंस इंडस्ट्रीज की सालाना आम बैठक में कहा था कि ऊर्जा बाजार अप्रत्याशित परिस्थिति और कोविड-19 स्थिति के कारण अरामको सौदे में देरी हुई है। उन्होंने न तो यह कहा कि सौदा पटरी पर है और न ही इसके पूरा होने को लेकर नई समयसीमा बतायी। नसीर ने भी सौदा पूरा होने को लेकर समयसीमा नहीं दी। उन्होंने कहा कि रिलायंस के साथ बातचीत अब भी जारी है और शेयरधारकों को उपयुक्त समय पर इसके बारे में जानकारी दी जाएगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के तेल से रसायन कारोबार में कंपनी की गुजरात के जामनगर में दो रिफाइनरी, पेट्रोरसायन संयंत्र और ईंधन खुदरा उद्यम में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि सौदे में देरी का कारण मूल्यांकन का मुद्दा भी हो सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पिछले महीने सालाना आम बैठक के बाद बर्नस्टेन ने कहा था, ''रिफाइनरी और रसायन कारोबार में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी अरामको को 15अरब डॉलर में बेचने की योजना कार्यक्रम के अनुसार आगे नहीं बढ़ सकी। इसका कारण बाजार स्थिति में बदलाव हो सकता है। हमारा मानना है कि सौदा अभी भी संभव है लेकिन यह कम मूल्य पर होगा। '' अरब डॉलर में बेचने की योजना कार्यक्रम के अनुसार आगे नहीं बढ़ सकी। इसका कारण बाजार स्थिति में बदलाव हो सकता है। हमारा मानना है कि सौदा अभी भी संभव है लेकिन यह कम मूल्य पर होगा। ''

## अमेरिका में 5जी वायरलेस सेवाओं के लिये सेना के पास उपलब्ध रेडियो स्पेक्ट्रम देने की पेशकश

**वाशिंगटन।** 11 अगस्त (एपी) अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने सैन्य इस्तेमाल के लिये रखे गये 5जी एयरवेब का बड़ा हिस्सा अमेरिका में उच्चगति की इंटरनेट सेवाओं के लिये मुक्त करने की योजना बनाई है। इससे देश में 5जी वायरलेस प्रौद्योगिकी को चीन से पहले किया जा सकेगा। ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को घोषणा करते हुये कहा था कि उसने रडार रक्षा प्रणाली में इस्तेमाल होने वाली रेडियो स्पेक्ट्रम की पहचान कर ली है। इस स्पेक्ट्रम का इस्तेमाल देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता किये बिना वाणिज्यिक दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उपलब्ध कराया जा सकता है। मोबाइल सेवाओं के क्षेत्र में 5जी एक नया तकनीकी मानक है। इसमें वायरलेस नेटवर्क की गति और तेज होने का दावा किया जाता है। इसमें वायरलेस नेटवर्क की गति और तेज होने का दावा किया जाता है। इसमें वायरलेस नेटवर्क की गति और तेज होने का दावा किया जाता है। 5जी नेटवर्क एक साथ अधिक लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करा सकता है और भारी ट्रेफिक वहन कर सकता है। हालांकि, इससे पहले जून में अमेरिकी कांग्रेस शोध सेवा की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में 5जी प्रौद्योगिकी की अधिक तरंगे उपलब्ध नहीं है। क्योंकि अमेरिकी सेना ने इसके लिए इस्तेमाल इसके लिए इस्तेमाल करने लायक काफी स्पेक्ट्रम को अपने पास रखा है।

# जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी बढ़ाने में कृषि अवसंरचना कोष अहम होगा: किसान निकाय



**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा शुरू किया गया एक लाख करोड़ रुपये का कृषि अवसंरचना कोष (फंड), देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। किसानों के संगठन एफएआईएफए के अनुसार विशेष रूप से कोरोना वायरस की वजजह से आई मंदी के बीच अर्थव्यवस्था में स्थिरता बढ़ाये जाने की अपेक्षा हो रही है। अखिल भारतीय किसान संघों के महासंघ (एफएआईएफए) ने कहा कि देश के कृषि बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की ओर ध्यान देने वाले किसानों, कृषि-उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, कृषि-प्रौद्योगिकी कंपनियों और किसान समूहों के लिए यह कोष महत्वपूर्ण साबित होगा। महासंघ आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और गुजरात में वाणिज्यिक फसलों के किसानों और कृषि श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करता है। एफएआईएफए ने एक बयान में कहा मौजूदा समय में कृषि, राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 14 प्रतिशत से अधिक का योगदान करती है और देश के श्रमिकों के 40 प्रतिशत से अधिक हिस्से को आजीविका प्रदान करती है। कोविड-19 की वजह से पैदा आर्थिक मंदी के बीच 2020-21 में आर्थिक स्थिरता के लिए इसका योगदान और भी अधिक होने की उम्मीद है। किसान निकाय ने कहा यह कृषि क्षेत्र का जीडीपी में अपने योगदान बढ़ाने में मदद करेगा, व्यापार संतुलन की स्थिति में सुधार करेगा, कृषि क्षेत्र की निर्यात क्षमता को प्रोत्साहित करेगा और किसानों की आय में वृद्धि करके एक स्थिर और समृद्ध जीवन सुनिश्चित करेगा। फंड का स्वागत करते हुए, एफएआईएफए के अध्यक्ष जवारे गौड़ा ने कहा, ''यह कोष कृषि क्षेत्र को फसल की कटाई के बाद उसके प्रबंधन के बुनियादी ढाँचे की लाभप्रद परियोजनाओं में निवेश के लिए मध्यम-से-दीर्घावधिक ऋण वित्तपोषण की सुविधा की योजना तैयार करने में मदद करेगा तथा ब्याज सहायता और वित्तीय समर्थन के जरिये सामुदायिक खेती की संपत्ति बनाने में मदद करेगा।'' उन्होंने कहा कि इस कोष के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## कोरोनाकाल में बढ़ी ग्रॉसरी की मांग, डबल हुआ परिवारों का खर्च

**बिजनेस डेस्क।** कोरोनाकाल में अप्रैल-जून तिमाही में परिवारों का ग्रॉसरी और पर्सनल केयर के प्रोडक्ट पर खर्च करीब दो साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। एक रिसर्च के अनुसार इस खर्च में बढ़त दिखने की वजह ये बताई जा रही है कि कोरोना काल में लोगों ने बहुत सारे प्रोडक्ट खरीद कर उनका स्टॉक बना लिया था। इस वजह से फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स का बाजार करीब 4.3 फीसदी बढ़ा है। ये आंकड़े मार्केट रिसर्च फर्म ने दिए हैं। आंकड़े नील्सन के आंकड़ों से बिल्कुल उलट हैं, जिसमें कहा गया था कि बाजार 18 फीसदी तक गिरा है। ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि नील्सन मुख्य रूप से पैकेज्ड प्रोडक्ट की रिटेल सेल्स को कवर करता है, जबकि ब्रांडेड और लोकल हर तरह के प्रोडक्ट की खपत के आधार पर आंकड़े देता है। ओवरऑल देखा जाए तो अधिकतर कंपनियों ने या तो गिरावट दर्ज की है या फिर तिमाही में तगड़ी सेल दर्ज की है। एफएमसीजी कंपनी मैरिको के मैनेजिंग डायरेक्टर सौगत गुप्ता कहते हैं कि लोगों के घरों में रहने की वजह से फूड और नॉन-फूड दोनों तरह के प्रोडक्ट की खपत बढ़ी है। जो कंपनियों घरों से बाहर प्रोडक्ट बेचने पर कम निर्भर रहीं, उनके नतीजे अच्छे आए।

## देशी, विदेशी तेलों की उपलब्धता बढ़ने से तेल तिलहन बाजार में गिरावट का रुख

**नयी दिल्ली।** गुजरात, म.प्र. और महाराष्ट्र में सोयाबीन और मूंगफली की जोरदार फसल होने की संभावनाओं के बीच विदेशों से सोयाबीन डीगम का आयात बढ़ने से स्थानीय तेल तिलहन बाजार में मंगलवार को सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, पॉम तेल और पामोलीन तेल जैसे देशी और आयातित तेलों में गिरावट दर्ज की गई। बाजार सूत्रों ने कहा कि गुजरात, म.प्र. और महाराष्ट्र में सोयाबीन और मूंगफली की जोरदार फसल होने की संभावना है और इसी बीच जुलाई में अर्जेन्टीना से चार लाख टन सोयाबीन तेल की आयात खेप का लदान हो चुका है। अगस्त में भी इस तेल के चार लाख टन की लदान होगी। ऐसे में घरेलू तेल कारोबारियों और उत्पादकों को उनके माल की खपत की चिंता सता रही है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण देशी तिलहन मिलें बंद हो रही है जबकि विदेशों में तेल का कारोबार बढ़ता जा रहा है। मलेशिया जैसे देश ने पामतेल उत्पादन में वृद्धि की संभावना को देखते हुए दो तीन महीने पहले ही निर्यात बढ़ाने के लिए निर्यात शुल्क खत्म कर दिया। सूत्रों का कहना है कि भारत सरकार को ऐसे में आयातित तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाकर उनके आयातित तेलों के भाव घरेलू तेलों के बराबर लाने की ओर ध्यान देना चाहिये ताकि घरेलू तेल उनके समक्ष मांग बनाये रख सकें। तेल-तिलहन के मंगलवार को बंद भाव इस प्रकार रहे- (भाव- रुपये प्रति क्विंटल) सरसों तिलहन - 5,105- 5,155 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये। मूंगफली दाना - 4,585- 4,635 रुपये। वनस्पति घी- 965 - 1,070 रुपये प्रति टिन। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात)- 11,970 रुपये। मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 1,790- 1,850 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,300 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,595 - 1,735 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,705 - 1,825 रुपये प्रति टिन। तिल मिल डिलिवरी तेल- 11,000 - 15,000 रुपये। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 9,250 रुपये। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 9,000 रुपये। सोयाबीन तेल डीगम- 8,120 रुपये। सीपीओ एक्स-कांडला-7,280 से 7,330 रुपये।

## जुलाई में यात्री वाहनों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 1,82,779 इकाई



**नई दिल्ली।** यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई महीने में 3.86 प्रतिशत घटकर 1,82,779 इकाई रह गई। इससे पिछले साल समान महीने में यात्री वाहनों की बिक्री 1,90,115 इकाई रही थी। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के ताजा आंकड़ों के अनुसार जुलाई में दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 15.24 प्रतिशत घटकर 12,81,354 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान महीने में 15,11,717 इकाई थी। इस दौरान मोटरसाइकिलों की बिक्री 4.87 प्रतिशत घटकर 8,88,520 इकाई रह गई। जुलाई, 2019 में मोटरसाइकिलों की बिक्री 9,34,021 इकाई रही थी। इसी तरह स्कूटर बिक्री 36.51 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 3,34,288 इकाई रही। पिछले साल समान महीने में स्कूटर बिक्री का आंकड़ा 5,26,504 इकाई रहा था। सियाम के अध्यक्ष राजन वढ़ेरा ने कहा, ''कोविड के बाद के परिदृश्य में कुछ माह तक बिक्री में लगातार गिरावट रही। हालांकि, अब यात्री वाहन और दोपहिया वाहनों की बिक्री सुधरी है। पिछले महीनों की तुलना में यात्री और दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट कम हुई है। उन्होंने कहा कि अगस्त माह के बिक्री आंकड़ों से पता चलेगा कि यह टिकाऊ मांग और सिर्फ दबी मांग नहीं है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि जुलाई माह की बिक्री का आंकड़ा पिछले महीनों से बेहतर रहा है। इससे उद्योग में भरोसा कायम होगा।

# रिलायंस विश्व की टॉप 100 कंपनियों में हुई शामिल, फॉर्च्यून ग्लोबल ने जारी की सूचि

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज 10 स्थानों की छलांग लगाकर 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' सूची की शीर्ष 100 कंपनियों में शामिल हो गयी है। फॉर्च्यून पत्रिका ने मंगलवार को यह सूची जारी की। तेल, पेट्रोरसायन, खुदरा और दूरसंचार जैसे क्षेत्र में काम करने वाली रिलायंस को फॉर्च्यून की 2020 की इस वैश्विक कंपनियों की सूची में 96वां स्थान मिला है। फॉर्च्यून की शीर्ष 100 की सूची में शामिल होने वाली रिलायंस इकलौती भारतीय कंपनी है। इससे पहले रिलायंस इस सूची में 2012 में 99वें स्थान पर रही थी, लेकिन बाद के वर्षों में फिसलते हुए 2016 में 215वें स्थान पर पहुंच गयी थी। हालांकि उसके बाद से लगातार रिलायंस की रैंकिंग में सुधार हुआ है। 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' में 34 अंक फिसलकर सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन 151वें स्थान पर रही। वहीं तेल एवं प्राकृतिक गैर निगम (ओएनजीसी) की रैंकिंग पिछले साल के मुकाबले 30 स्थान खिसकर 190वीं रही। देश के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक की रैंकिंग में 15 का सुधार हुआ और यह 221वें स्थान पर रहा। इस सूची में शामिल होने वाली अन्य भारतीय कंपनियों में भारत पेट्रोलियम 309वीं, टाटा मोटर्स 337वीं और राजेश एक्पोर्ट्स 462वीं रैंक पर रहीं। 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' में कंपनियों को उनके पिछले वित्त वर्ष की कुल आय के आधार पर शामिल किया जाता है। भारत की स्थिति में कंपनियों को 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्त वर्ष के परिणामों के आधार पर इस सूची में शामिल किया गया है। के परिणामों के आधार पर इस सूची में शामिल किया गया है।

'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' में इस साल शीर्ष पर वालमार्ट रही। इसके बाद तीन चीनी कंपनियों साइनोपेक समूह, स्टेट ग्रिड और चाइना नेशनल पेट्रोलियम का स्थान रहा। सूची में पांचवे स्थान पर रॉयल डच शेल और छठे पर सऊदी अरब की प्रमुख तेल कंपनी अरामको रही। सूची में वालमार्ट, साइनोपेक और चाइना नेशनल पेट्रोलियम के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। जबकि स्टेट ग्रिड ने दो स्थान की बढ़त हासिल की और शेल दो स्थान नीचे खिसक गयी।

## गूगल ने लॉन्च किया नया फीचर, गूगल सर्च पर बनाएं अपना वर्चुअल विजिटिंग कार्ड

**नई दिल्ली।** गूगल ने मंगलवार को अपने भारतीय उपयोक्ताओं के लिए 'पीपल कार्ड्स' का नया फीचर पेश किया। इससे लोगों को गूगल सर्च पर अपना वर्चुअल विजिटिंग कार्ड बनाने की सुविधा मिलेगी जो उन्हें अपनी ऑनलाइन पहचान बनाने में मदद करेगा गूगल सर्च की उत्पाद प्रबंधक लॉरेन क्लार्क ने कहा कि कंपनी पिछले कुछ सालों से इस फीचर का परीक्षण कर रही थी। अब इसे उपयोक्ताओं के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। यह भारत को ध्यान में रखकर विकसित किया गया फीचर है। उन्होंने कहा, नया फीचर करोड़ों लोगों, उद्यमियों, स्व-रोजगार अपनाने वालों, फ्रीलांसरों और इंफ्लूएंसर्स को अपनी ऑनलाइन पहचान बनाने में मदद करेगा। यह उन्हें गूगल पर खोजे जाने में सहायता करेगा। भारत में लोग इसे अपने मोबाइल फोन पर अंग्रेजी में आज से इस्तेमाल कर सकते हैं। क्लार्क ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति गूगल पर किसी के बारे में ढूंढता है और उसका कार्ड बना हुआ है तो खोजने वाले व्यक्ति को




उसका नाम, पेशा, स्थान इत्यादि की जानकारी मिल जाएगी। लोग अपने सोशल मीडिया मंचों के प्रोफाइल भी इस कार्ड से जोड़ सकते हैं। हर गूगल खाते पर एक ही पीपल कार्ड बनाने की अनुमति होगी। इसमें सुरक्षा मानकों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। किसी व्यक्ति को यदि अपना पीपल कार्ड बनाना है तो उसे अपने गूगल खाते में जाकर 'एड मी टू गूगल सर्च' (स्वयं को गूगल सर्च पर जोड़े) पर क्लिक करना होगा। उसके बाद अपनी जानकारियां भरनी होंगी।




## मंत्रालय ने खेल संहिता प्रश्नावली पर जवाब के लिये एनएसएफ को 13 अगस्त की समयसीमा दी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय खेल महासंघों को उम्र और कार्यकाल संबंधी खेल संहिता प्रश्नावली जमा करने के लिये दी गई समय सीमा में खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ के अनुरोध पर दो दिन का इजाफा किया है । अब उन्हें 13 अगस्त तक यह जमा करना होगा । खेल संहिता प्रश्नावली का जवाब देना सभी एनएसएफ के लिये जरूरी है क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय में एक मामला लंबित है जिसकी अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी । खेल मंत्री किरेन रीजीजू और खेल सचिव रवि मित्तल की आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा और महासचिव राजीव मेहता से मुलाकात के बाद मंत्रालय ने आईओए का अनुरोध मान लिया। बत्रा और मेहता ने मुलाकात के बाद संयुक्त बयान में कहा ,'' खेल मंत्री और खेल सचिव से 11 अगस्त को हमारी मुलाकात काफी सकारात्मक रही । ओलंपिक की तैयारी, खेल संहिता और अन्य मसलों पर विस्तार से चर्चा की गई।'' इसमें कहा गया ,'' दिल्ली उच्च न्यायालय में मामले की सुनवाई 21 अगस्त को है और मंत्रालय द्वारा मांगी गई जानकारी 13 अगस्त को दे दी जायेगी ।'' मंत्रालय ने पहले इसके लिये 11 अगस्त तक की समय सीमा दी थी । अदालत ने राष्ट्रीय खेल संहिता में उम्र और कार्यकाल के दिशा निर्देशों के उल्लंघन के लिये 57 एनएसएफ की मान्यता अस्थायी तौर पर वापिस ले ली है ।

विश्व चैम्पियन

# एमजी टूर ग्रांड फाइनल - कार्लसन का पलटवार ,नाकामुरा निकले आगे



**नॉर्वे ।** मे चल रही मेगनस कार्लसन आमंत्रण लीग के ग्रांड फाइनल टूर्नामेंट के सेमी फाइनल मे नॉर्वे के विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन नें पहली दिन की हार से उबरते हुए जोरदार वापसी की और चीन के डिंग लीरेन को 2.5-0.5 से पराजित करते हुए टोटल स्कोर 1-1 का दिया । वही दूसरे सेमी फाइनल मे आज अमेरिका के नाकामुरा रूस के डेनियल डुबोव पर और भारी पड़े और 3-1 से जीत दर्ज करते हुए टोटल स्कोर 2-0 करते हुए फाइनल के काफी करीब पहुँच गए है । सबसे पहले बात करते हुए कार्लसन और डिंग लीरेन की मुक़ाबले की जिसमें आज सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए क्यूजीडी ओपनिंग मे जैसे तय ही करके आए थे की बात टाईब्रेक तक नहीं पहुंचेगी और हुआ भी यही कार्लसन नें पहले ही रैपिड मुक़ाबले मे जीत के साथ शुरुआत की । सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए शानदार हाथी के एंडगेम मे उन्होने अपने सक्रिय खेल से जीत हासिल की । दूसरे मुक़ाबले मे इटेलिअन ओपनिंग मे कार्लसन नें काले मोहरो से खेलते हुए 36 चालों मे बाजी अपने नाम कर ली । तीसरे मुक़ाबले मे कार्लसन फिर सफ़ेद मोहरो से खेल रहे थे और इस बार डिंग लीरेन नें करो या मरो के मुक़ाबले मे किंग्स इंडियन ओपनिंग खेली पर कार्लसन नें क्लासिकल किंग्स इंडियन मे मोहरो की अदला बदली से डिंग को कोई मौका नहीं दिया और अंतिम स्थिति मे जब शायद डिंग जीत के लिए दबाव बना सकते थे उन्होने बाजी ड्रॉ मान ली और इस तरह कार्लसन 2.5-0.5 से तीन मुकाबलों मे ही जीत गए । डेनियल डुबोव फिर एक बार नाकामुरा के सामने परिणाम नहीं ला सके । दोनों के बीच पहले दो मुक़ाबले ड्रॉ रहे और उसके बाद अंतिम दोनों मुकाबलों मे नाकामुरा के शानदार खेल नें उन्हे 3-1 से जीत दिला दी ।

## पाक के खिलाफ 98 रन की पारी में छूटे थे 4 कैच, अब नेहरा बोले- सचिन थे भाग्यशाली

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने 2011 विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले को याद करते हुए कहा है कि सचिन तेंदुलकर भी जानते हैं कि वह उस मैच में कितने भाग्यशाली रहे थे। सचिन ने इस मुकाबले में 85 रन बनाए थे जिसकी मदद से टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में सफल रही थी। सचिन की पारी और गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजों की मदद से भारत ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल मुकाबले में पराजित कर 2011 विश्वकप के फाइनल में जगह बनाई थी। सचिन को इस पारी के दौरान 27, 45, 70 और 81 रन के निजी स्कोर पर मिस्बाह उल हक, यूनुस खान, कामरान अकमल और उमर अकमल द्वारा कैच छोडने के कारण जीवनदान मिला था। नेहरा के अनुसार यह उनकी बेहतरीन पारियों में से एक थी। नेहरा ने कहा- यह बताना जरुरी नहीं है क्योंकि सचिन भी जानते हैं कि वह इस मुकाबले में कितने भाग्यशाली रहे थे। यह उनकी बेहतरीन पारियों में से एक थी। जब भी सचिन 40 रन का स्कोर भी बनाते थे तो कुछ गलत फैसले दिए जाते या कैच छूट जाते थे। लेकिन हर बार कोई खिलाड़ी इतना भाग्यशाली नहीं रहता है। उन्होंने कहा- जब आप विश्वकप की बात कर रहे हैं तो चाहे भारत-पाकिस्तान मैच हो या भारत-इंग्लैंड के बीच मुकाबला हो, दबाव हर मैच में रहता है। आप सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और आप अच्छी टीम है लेकिन अंत में यह तय करता है कि आप किस तरह दबाव झेलने में सक्षम है। भारत ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान और फाइनल में श्रीलंका को हराकर 28 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में विश्वकप जीता था।



## रमीज राजा की सरफराज को सलाह, टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर इस पर फोकस करें



**कराची ।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान रमीज राजा का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज अहमद को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सीमित ओवरों के क्रिकेट पर फोकस करना चाहिए। पूर्व कप्तान सरफराज इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच मैनचेस्टर में पहले टेस्ट में 12वें खिलाड़ी थे। रमीज ने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मेरे हिसाब से एक बार आप कप्तान रह चुके हैं तो वह ऐसा मानदंड है कि उससे नीचे आकर बेंच पर बैठना मुश्किल है। उन्होंने कहा, 'मैं सरफराज को सलाह दूंगा कि इसके बारे में सोचें और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दें। सीमित ओवरों के क्रिकेट पर फोकस करें जिसमें वह बहुत अच्छा है। रमीज ने कहा कि एक पूर्व कप्तान और सरफराज जैसा सीनियर क्रिकेटर ड्रिंक्स लेकर मैदान पर जाए, यह पाकिस्तान में अच्छा नहीं माना जाता हालांकि क्रिकेट में यह नई बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि जेम्स एंडरसन भी वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर थे तो ड्रिंक्स लेकर आए थे। लेकिन हमारी क्रिकेट तहजीब में इसे अच्छा नहीं माना जाता और खासकर जब आप पूर्व कप्तान हों।

# 6 पॉजिटिव मामलों के बाद पुरुष शिविर को लेकर अनिश्चितता, महिला शिविर होगा

**नई दिल्ली ।** छह खिलाड़ियों के कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए जाने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी खिलाड़ियों के बेंगलुरू में होने वाले आगामी ट्रेनिंग शिविर का आयोजन अनिश्चित लग रहा है लेकिन इस घातक वायरस के लिए सभी खिलाड़ियों के नेगेटिव पाए जाने के बाद महिला टीम अभ्यास शुरू कर सकती है। बीस अगस्त से शुरू हो रहे राष्ट्रीय शिविर के लिए बेंगलुरू पहुंचने पर पिछले हफ्ते भारतीय टीम के छह खिलाड़ियों को कोरोना वायरस पॉजिटिव पाया गया था। इन छह खिलाड़ियों में कप्तान मनप्रीत सिंह, स्ट्राइकर मनदीप सिंह, डिफेंडर सुरेंदर कुमार और जसकरण सिंह, ड्रैगफ्लिकर वरूण कुमार और गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक शामिल हैं। इनमें से मनदीप को सोमवार को खून में आक्सीजन का स्तर कम होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। साइ के सूत्र ने बताया- छह पॉजिटिव नतीजों के बाद पुरुष शिविर को लेकर अनिश्चितता है। राज्य सरकार से और रिपोर्ट का इंतजार है। लेकिन सभी खिलाड़ियों के नेगेटिव पाए जाने के बाद महिला शिविर आयोजित किए जाने की पूरी संभावना है। खिलाड़ी अभी 14 दिन के पृथकवास से गुजर रही हैं और इसके खत्म होने के बाद शिविर शुरू होगा जिसमें हल्का अभ्यास किया जाएगा। अभी शिविर के लिए 33 पुरुष और 24 महिला खिलाड़ी बेंगलुरू में मौजूद हैं। पॉजिटिव पाए गए छह पुरुष खिलाड़ियों में से अधिकतर खिलाड़ी पंजाब के हैं और ये उस 10 सदस्यीय समूह का हिस्सा थे जिन्होंने नई दिल्ली से एक साथ यात्रा की थी। सूत्रों के अनुसार पुरुष खिलाड़ियों में संक्रमितों की संख्या में इजाफा हो सकता है क्योंकि अभी सभी खिलाड़ियों के परीक्षण के नतीजे नहीं आए हैं। एक महीने के ब्रेक के बाद राष्ट्रीय शिविर की शुरुआत अगस्त के अंतिम हफ्ते में शुरू होने की संभावना थी और इसके 30 सितंबर तक जारी रहने की उम्मीद थी।

पता चला है कि भारतीय खेल प्राधिकण (साइ) ने हॉकी इंडिया के आग्रह के बाद शिविर को स्वीकृति दी थी। साइ के एक सूत्र ने कहा- राष्ट्रीय शिविर बहाल करना सिर्फ साइ का फैसला नहीं था। प्रत्येक राष्ट्रीय खेल महासंघ से प्रतिक्रिया और जानकारी लेने के बाद हमने फैसला किया क्योंकि वे हमारी तुलना में चीजों से बेहतर वाकिफ थे। हमने सिर्फ अपने बुनियादी ढांचे को खोलने को लेकर उन समर्थन किया। इस तरह की भी खबरें हैं कि पुरुष टीम के खिलाड़ियों ने ब्रेक के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा नियमों का पालन उतनी कड़ाई से नहीं किया जितनी कड़ाई से किया जाना चाहिए था। विश्व कप में एकमात्र खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान रहे अजित पाल सिंह ने एक साथ यात्रा करने के लिए पंजाब के खिलाड़ियों की आलोचना की और साथ ही कहा कि गलती हॉकी इंडिया भी थी जिसे ब्रेक के दौरान अपने खिलाड़ियों पर नजर रखनी चाहिए थी। अजित पाल ने कहा- पुरुष टीम के खिलाड़ियों को अधिक जिम्मेदार होना चाहिए था।

### संक्षिप्त समाचार



## अजहर विफल रहे तो नए कप्तान की तलाश करनी चाहिए: अकरम

**इस्लामाबाद ।** पहले टेस्ट में अपनी टीम की हार से बौखलाए पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम का कहना है कि कप्तान अजहर अली अगर प्रदर्शन करने में विफल रहते हैं और टीम इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के शेष मैचों में जीत हासिल नहीं पाती है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को नए कप्तान की तलाश करनी चाहिए। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में बढ़त हासिल करने और इंग्लैंड को दूसरी पारी में शुरुआती झटके देने के बावजूद पाकिस्तान को तीन विकेट से हार झेलनी पड़ी थी जिसके बाद कप्तान अजहर को काफी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इंग्लैंड की ओर से जोस बटलर और क्रिस वोक्स ने 139 रन की बेहतरीन साझेदारी कर अपनी टीम को मैच जिताने में अहम भूमिका अदा की थी। अकरम ने कहा, 'अगर पाकिस्तान की टीम सीरीज के अन्य दो मैच जीतती है तो वह कप्तान बने रह सकते हैं। यह उनके प्रदर्शन पर निर्भर करता है। लेकिन अगर टीम नहीं जीत पाती है और अजहर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके तो पीसीबी को नए कप्तान की तलाश करनी चाहिए। अजहर ने मैच के बाद वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में आलोचनाओं का जवाब देते हुए कहा था, 'किसी की आलोचना करना आसान है लेकिन यह भी जानने की जरुरत है कि जब कोई बेहतरीन साझेदारी होती है तो कोई क्या कर सकता है। हर समय आप कप्तान पर उंगली नहीं उठा सकते लेकिन मैं इस बात की जिम्मेदारी लेता हूं कि हम स्कोर को बचाव नहीं कर सके।

## कोरोना वायरस महामारी के कारण शुरू होने से पहले ही स्थगित हुई श्रीलंकन प्रीमियर लीग

**कोलंबो ।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शीर्ष विदेशी खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के कारण लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के पहले सत्र को स्थगित कर दिया। देश में कोविड-19 के बढ़ते मामले के कारण विदेश से आने वाले लोगों को अनिवार्य रूप से 14 दिन के पृथकवास के दौर से गुजरना पड़ रहा है। सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय से मंजूरी मिलने की स्थिति में इस टी20 लीग को 28 अगस्त से शुरू होना था लेकिन विदेशी खिलाड़ियों के लिए 14 दिनों तक पृथकवास पर रहना बड़ा मुद्दा बन गया। एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने न्यूजवायर को बताया, 'हमने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ चर्चा की। देश में प्रवेश करने वाले किसी व्यक्ति के लिए 14 दिन की पृथकवास अवधि अनिवार्य है। इसलिए अगस्त के अंत में टूर्नामेंट का आयोजन करना मुश्किल है। सिल्वा ने टी20 लीगों में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों को इसमें शामिल करने का संकेत देते हुए कहा, 'हम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद नवंबर के मध्य में इस टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे। आईपीएल का आयोजन 19 सितंबर से 10 नवंबर तक यूएई में होना है। एलपीएल में पांच टीमों के बीच 23 मुकाबले खेले जाने थे जिसका फाइनल 20 सितंबर को प्रस्तावित था।

# श्रीजेश ने भारतीय गोलकीपरों के लिए ऊंचा मापदंड स्थापित किया है: प्रशांत



**नई दिल्ली ।** भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के गोलकीपर प्रशांत कुमार चौहान का कहना है कि सीनियर टीम के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भारतीय गोलकीपरों के लिए ऐसा ऊंचा मापदंड स्थापित किया है जहां तक पहुंचना किसी भी गोलकीपर के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। 19 वर्षीय गोलकीपर 2018 में तीसरे युवा ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे थे। इसके अलावा वह 2019 में हुए सुल्तान जोहोर कप में भी टीम में शामिल थे। प्रशांत ने कहा, 'हम काफी भाग्यशाली हैं जो श्रीजेश को इतने वर्षों में एक बेहतरीन गोलकीपर के रुप में उभरते हुए देख रहे हैं। जिस तरह वह महत्वपूर्ण मुकाबलों में जागरुक रहते हैं वो काफी बेहतरीन है और यह ऐसी चीज है जिसका मैं अनुसरण करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, 'श्रीजेश ने इस साल एफआईएच हॉकी प्रो लीग में हॉलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूट आउट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। जिस तरह उन्होंने पेनल्टी शूटआउट में गोल होने से रोका वो देखना काफी सुखद था। उन्होंने भारतीय युवा गोलकीपरों के लिए ऐसा ऊंचा मापदंड स्थापित किया है जिसे हासिल करना काफी चुनौतीपूर्ण है।

प्रशांत ने कहा, '2018 से लगातार भारतीय जूनियर हॉकी टीम का सदस्य रहना काफी अच्छा है। मुझे लगता है कि मैंने उच्च स्तर पर सफल होने के लिए काफी महत्वपूर्ण चीजें सीखी हैं। मैं बड़े मुकाबलों में दबाव का आनंद लेता हूं। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि किसी युवा खिलाड़ी के लिए खुद को टेस्ट करने के लिए जूनियर सर्किट सबसे सही प्लेटफॉर्म है। मुझे उम्मीद है कि मैं भविष्य में और भी मुकाबले खेलूंगा और मुझे भारतीय जूनियर टीम की जीत में योगदान देकर अच्छा लगेगा। अपने भविष्य के लक्ष्य को लेकर युवा गोलकीपर ने कहा कि भारतीय सीनियर टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने से बड़ा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'भारतीय सीनियर हॉकी टीम के लिए खेलना मेरा एकमात्र उद्देश्य है और मेरा लक्ष्य सिर्फ सीनियर टीम में खेलना ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय सर्किट में लंबा करियर बनाना भी है। प्रशांत ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि मैं एक दिन सीनियर टीम में गोलकीपर के लिए पहली पंसद बनूंगा। मेरा सपना है कि मैं ओलंपिक जैसे खेल महाकुंभ में भारतीय टीम की जीत में अपना योगदान दूं। मैं लगातार अपने खेल में सुधार लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मुझे यकीन है मुझे एक दिन जरुर अवसर मिलेगा।

# कोरोना पॉजिटिव हॉकी खिलाड़ी मनदीप सिंह अस्पताल में हुए भर्ती

**स्पोर्ट्स डेस्क।** कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए भारतीय हॉकी टीम के फॉरवर्ड मनदीप सिंह को खून में आक्सीजन का स्तर गिरने के बाद बेंगलुरू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है लेकिन उनकी हालत स्थिर है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। साइ ने बयान में कहा, '10 अगस्त (सोमवार) की रात को जांच के दौरान पता चला कि मनदीप सिंह के खून में आक्सीजन का स्तर सामान्य से कम है जो इस बात का संकेत है कि वह कोविड के मामूली स्तर से औसत स्तर की ओर बढ़ रहे हैं। बयान के अनुसार, 'परिसर में मौजूद साइ अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एहतियाती कदम के तौर पर उन्हें एसएस स्पर्श मल्टीस्पेशियेलिटी अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।



बीस अगस्त से शुरू हो रहे राष्ट्रीय शिविर के लिए बेंगलुरू पहुंचने पर मनदीप और पांच अन्य भारतीय खिलाड़ियों को पिछले हफ्ते कोरोना वायरस पॉजिटिव पाया गया था। इन पांच खिलाड़ियों में कप्तान मनप्रीत सिंह, डिफेंडर सुरेंदर कुमार और जसकरण सिंह, ड्रैगफ्लिकर वरूण कुमार और गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक शामिल हैं। पच्चीस साल के मनदीप ने भारत के लिए अब तक 129 मैचों में 60 गोल दागे हैं।

## न्यूजीलैंड में 'बायो सिक्योर बबल बनाने पर विचार कर रहा है आस्ट्रेलिया का एनबीएल

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया की नेशनल बास्केटबॉल लीग (एनबीएल) कोरोना वायरस महामारी के कारण निलंबित अपने सत्र को इस साल शुरू करने के लिए न्यूजीलैंड में जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण तैयार करने की योजना बना रही है। यह विचार पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड ब्रीकर्स ने रखा था और एनबीएल का टूर्नामेंट शुरू करने के लिए बना कार्यबल जिन विकल्पों पर विचार कर रहा है उनमें यह भी शामिल है। एनबीएल दिसंबर में लीग शुरू करने की योजना बना रहा है। लीग के मालिक लैरी केस्टलमैन के हवाले से मंगलवार को आस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस ने कहा, 'हम सभी स्थलों पर विचार कर रहे हैं.... जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण तैयार किया जाएगा और हमें विचार करना होगा कि स्थिति और बदतर हो जाए या यही स्थिति बरकार रहे। एबीएल का कार्यबल अमेरिका में नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन के फ्लोरिडा में बनाए जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण का भी अध्ययन कर रहा है जहां प्रशंसकों को स्टेडियम में आने की इजाजत नहीं है और मुकाबले ओरलैंडो के समीप वाल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिजॉर्ट में खेले जा रहे हैं।

# एमजी शतरंज टूर ग्रांड फ़ाइनल - चीन के डिंग नें कार्लसन को हराकर बनाई बढ़त



**नॉर्वे ।** ऑनलाइन शतरंज के सबसे बड़ी पुरूष्कार राशि 2.25 करोड़ के लिए जंग शुरू हो गयी है और पहले दिन बेस्ट ऑफ फाइव सेमी फ़ाइनल के राउंड 1 के मुक़ाबले खेले गए ।सबसे बड़ी खबर रही विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मेगनस कार्लसन की टाईब्रेक में चीन के डिंग लीरेन के हाथो हार । दोनों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला । सबसे पहले चार रैपिड मुक़ाबले हुए जिसमें पहले ही मुक़ाबले में डिंग नें कार्लसन को पराजित करते हुए 1-0 से बढ़त हासिल कर ली पर दूसरे ही मुक़ाबले में मेगनस कार्लसन नें जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया । इसके बाद हुए दोनों मुक़ाबले ड्रॉ रहे और स्कोर 2-2 हो गया । टाईब्रेक में इसके बाद 5-5 मिनट के दो ब्लिट्ज़ मुक़ाबले हुए और इसमे भी दोनों खिलाड़ियों नें एक एक जीत दर्ज कर स्कोर 3-3 कर दिया । इसके बाद हुआ अरमागोदेन का रोचक टाईब्रेक जहां पर काले मोहरो से खेल रहे डिंग को 4 मिनट तो सफ़ेद मोहरो से कार्लसन को 5 मिनट दिये गए ।

और इसमें जीत के लिए काले को ड्रॉ भी काफी होता है ओर हुआ भी यही कार्लसन डिंग के डिफेंस को तोड़ नहीं पाये और टाइब्रेक में जीत के साथ डिंग लीरेन नें 1-0 की बढ़त हासिल कर ली और अब देखना होगा हार बर्दाश्त ना कर पाने वाले कार्लसन आज कैसे वापसी करते है ।

वही दूसरे बोर्ड पर अमेरिका के हिकारु नकामुरा नें रूस के डेनियल डुबोव को ब्लिट्ज़ के टाईब्रेक के दम पर 3.5-2.5 से जीर दर्ज कर 1-0 की बढ़त बना ली ।

## कोरोना वायरस के कारण इस साल नवंबर में होने वाली मैड्रिड मैराथन रद्द

**मैड्रिड ।** वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना वायरस के कारण इस साल नवंबर में होने वाली मैड्रिड मैराथन को आयोजकों ने रद्द करने का फैसला किया है। मैड्रिड मैराथन का आयोजन इस साल अप्रैल में होना था लेकिन कोरोना के चलते इसे पुनर्निर्धारित कर 15 नवंबर को कराने का फैसला किया गया था। लेकिन कोरोना के बढ़ते प्रकोप के चलते आयोजकों ने इस मैराथन को रद्द करने का फैसला किया। आयोजकों ने मंगलवार को आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि दुनियाभर में कोरोना के प्रभाव और संभावित विकल्पों पर गौर करने के बाद उन्होंने इस मैराथन को रद्द करने का फैसला किया है। इस मैराथन को पहले 26 अप्रैल को होना था लेकिन कोरोना के कारण इसे नवम्बर में कराने का फैसला किया गया था मगर अब इसे रद्द ही कर दिया गया है। आयोजकों ने बताया कि इसका अगला संस्करण अगले वर्ष 26 सितम्बर को होगा। पिछले साल हुए इस मैराथन में आठ हजार लोगों ने भाग लिया था। मैड्रिड मैराथन से पहले मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट को भी रद्द किया गया था जिसका आयोजन 12 से 20 सितंबर तक होना था। मैड्रिड ओपन का आयोजन मई में होना थे लेकिन इसे सितम्बर तक के लिए बढ़ाया गया था।



Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# मशिवसेना ने शिवाजी की प्रतिमा हटाने पर भाजपा की चुप्पी पर किया सवाल



**मुंबई।**

शिवसेना ने मंगलवार को कहा कि कर्नाटक में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा हटाने पर महाराष्ट्र भाजपा में उनके भक्तों की चुप्पी÷ चिंताजनक है और पूछा कि यह नकली भक्ति किस काम की है। शिवसेना मुखपत्र सामना में प्रकाशित एक संपादकीय में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच अगस्त को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन के बाद अपने भाषण में शिवाजी महाराज की तारीफ की। पार्टी ने कहा कि भाजपा शासित कर्नाटक में बेलगाम जिले के मंगुत्ती गांव में शिवाजी महाराज की प्रतिमा को ऐसे हटा गया मानो बाबरी मस्जिद गिराई गई हो। उसने भाजपा के शिवाजी प्रेम को ढोंग करार दिया। संपादकीय में कहा गया है कि मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में शिवाजी की प्रतिमा हटाने पर महाराष्ट्र के भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने वहां के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ से माफी की मांग की थी। उद्धव ठाकरे नीत पार्टी ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की तो निंदा तक नहीं की जा रही है। सामना में कहा गया है, रातों-रात शिवाजी महाराज की प्रतिमा हटाना चिंताजनक है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक महाराष्ट्र भाजपा में शिवभक्तों की चुप्पी है। शिवसेना ने कहा कि अगर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार होती तो (कर्नाटक के पास स्थित) महाराष्ट्र के सांगली और सातारा में तो भाजपा ने उपद्रव मचाया ही होता। उसने कहा, लेकिन देखो कि वे अब कैसे खामोश हैं। शिवाजी महाराज की ये नकली भक्ति किस काम की।

पार्टी ने भाजपा पर युगपुरुषों के नाम का प्रयोग राजनीतिक स्वार्थ के लिए करने का आरोप लगाया। लेख में कहा गया है कि महाराष्ट्र के गत चुनाव में भाजपा ने प्रचारित किया कि छत्रपति शिवाजी महाराज का आशीर्वाद उनके साथ है। लेकिन उनके कार्यकाल में अरब सागर में मराठा महाराज के स्मारक के लिए एक ईंट तक नहीं रखी गई। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में पांच अगस्त को हुए समारोह का हवाला देते हुए शिवसेना ने कहा कि उस दिन मोदी ने दिल की गहराइयों से शिवाजी महाराज को याद किया था। पार्टी ने पूछा, प्रधानमंत्री छत्रपति शिवाजी महाराज के समक्ष नतमस्तक होते हैं और कर्नाटक में उनके कन्नड़ी सिपाही रातों-रात शिवाजी महाराज की प्रतिमा हटा देते हैं। इसे किससे जोड़कर देखें? मराठी दैनिक ने आरोप लगाया, अयोध्या में श्रीराम को तंबू से मंदिर में ले जाने का समारोह संपन्न हुआ और कर्नाटक में शिवाजी महाराज की प्रतिमा को चौक से हटाने का रावणी समारोह किया गया। किसी का नाम लिए बिना शिवसेना ने कहा कि पिछले साल भाजपा ने शिवाजी के वंशजों को अपनी पार्टी में लिया।

छत्रपति शिवाजी के वंशज एवं राज्यसभा सदस्य उदयनराजे भोसले पिछले साल राकांपा छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे।

# पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की हालत गंभीर, अस्पताल ने जारी किया हेल्थ बुलेटिन

**नेशनल डेस्क।**

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की सेना के रिसर्च और रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल में मस्तिष्क की सर्जरी हुई । मस्तिष्क में बने खून के थक्के को हटाने के लिए यह सर्जरी की गयी। सूत्रों ने कहा कि मुखर्जी की हालत गंभीर है और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मुखर्जी के सभी स्वास्थ्य मानक स्थिर हैं और सर्जरी सफल रही। आर आर अस्पताल की ओर से जारी मुखर्जी के स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा गया कि सोमवार को अस्पताल लाये जाने के समय मुखर्जी की हालत गंभीर थी और जांच में पता चला कि उनके मस्तिष्क में एक बड़ा थक्का जमा हुआ है। उनकी स्थिति को देखते हुए तुरंत उनका ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया है। डॉक्टरों का एक दल उनकी सेहत पर नजर रखे हुए है। इससे पहले 84 वर्षीय मुखर्जी ने ट्वीट किया कि अन्य कारणों से अस्पताल गया था, जहां पर आज कोविड-19 जांच में संक्रमित होने की पुष्टि हुई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वर्ष 2012 से 2017 तक देश के राष्ट्रपति रहे मुखर्जी ने ट्वीट में कहा कि मैं अनुरोध करता हूं कि जो लोग गत एक हफ्ते में मेरे संपर्क में आए हैं, वे खुद पृथक-वास में चले जाएं और अपनी कोविड-19 की जांच कराएं।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुखर्जी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी से बात कर उनके पिता की तबीयत के बारे में पूछा। इससे पहले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आरआर अस्पताल जाकर पूर्व राष्ट्रपति के स्वास्थ्य की जानकारी ली। वह अस्पताल में करीब 20 मिनट तक रहे। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित पार्टी के कई साथियों ने मुखर्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया कि हम पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के कोविड-19 की बीमारी से शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। पूर्व राष्ट्रपति के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने भी ट्वीट किया कि मैं अपने पिता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## कोरोना के कारण कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजमोहन परिहार का निधन, पार्टी में शोक की लहर

**भोपाल/ग्वालियर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और ग्वालियर के नेता बृजमोहन परिहार का मंगलवार सुबह गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। परिहार की तबियत खराब होने और कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें ग्वालियर के सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां से तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें गुरूग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया था। जहां आज सुबह 5 बजे इलाज के दौरान उनका दुखद निधन हो गया। परिहार के निधन की खबर से ग्वालियर सहित पूरे प्रदेश की कांग्रेस पार्टी में शोक की लहर फैल गई है। मैंने, मेरे युवक कांग्रेस के साथी और अभिन्न मित्र व पारिवारिक सदस्य बृजमोहन परिहार को खो दिया। बृजमोहन की कांग्रेस के प्रति समर्पण व प्रतिबद्धता बेमिसाल थी। मेरी उनके परिवारजनों को संवेदनाएँ। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें परिहार की हाल की कोविड 19 की रिपोर्ट निगेटिव आई थी मेदांता अस्पताल प्रशासन ने इसके चलते स्व. परिहार का शव उनके परिवार को सौप दिया हैं। बताया जा रहा है आज शाम 5 बजे तक उनका शव ग्वालियर आ जायेगा उसके बाद उनके निवास बसंत बिहार से उनकी अंतिम यात्रा प्रारंभ होगी जो हरीशंकर पुरम स्थित मुक्तिधाम पहुंचेगी जहां उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## भारत की आजादी का जश्न मनाने के लिए अमेरिका तैयार, 15 अगस्त का दिन होगा खास

**नेशनल डेस्क।** भारत के 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका में कई सांस्कृतिक एवं संगीतमय कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किए जाएंगे। जयपुर फुट यूएसए ने बताया कि 15 अगस्त को वह 'वर्चुअल कवि सम्मेलन का आयोजन करेगा। संगठन की ओर से कहा गया कि विदेश राज्यमंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री वी. मुरलीधरन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विदेशी मामलों पर संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी करेंगे। कार्यक्रम में लोकप्रिय कवि मदन मोहन समर तथा कुंवर जावेद अपनी प्रस्तुति देंगे। जयपुर फुट यूएसए के अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने कहा कि इस वर्ष भारत के स्वतंत्रता दिवस का जश्न बहुत खास है क्योंकि पांच अगस्त को अयोध्या में राम मंदिर का 'भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ था जो दुनियाभर के हिंदुओं के लिए सपने के सच होने जैसा है । सांस्कृतिक संगठन इंडो-अमेरिकन आर्टस काउंसिल की ओर से 'दी फ्रीडम कंसर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें ख्यात सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान प्रस्तुति देंगे। न्यूयार्क में भारत का महावाणिज्य दूतावास 15 अगस्त को ऑनलाइन स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन करेगा।

# इलाके का दौरा करने पहुंचे मिजोरम के एमएलए ने गर्भवती महिला के प्रसव में की मदद

**नेशनल डेस्क।**

मिजोरम के विधायक जेड आर थियामसंगा ने एक गर्भवती महिला की आपात सर्जरी करके प्रसव में मदद की। दूरदराज स्थित चम्फाई जिले के भूकंप प्रभावित इलाके का दौरा करने के दौरान उन्होंने यह सर्जरी की। थियामसंगा पेशे से डॉक्टर हैं और उन्हें प्रसूति एवं स्त्री रोग में विशेषज्ञता हासिल है। वह जब भी दूरदराज के क्षेत्रों के दौरे पर जाते हैं तो अपने साथ प्राय÷ स्टेथोस्कोप रखते हैं ताकि आपात चिकित्सकीय स्थिति में वह लोगों की मदद कर सकें। वह सोमवार को म्यामां सीमा के निकट अपने विधानसभा क्षेत्र चम्फाई उत्तर का दौरा कर रहे थे। वह यहां ष्टश1द्बस्र-19 की स्थिति और हाल में भूकंप की वजह से हुई क्षति का जायजा लेने आए थे। थियामसंगा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दूरदराज के नगुर गांव की रहनेवाली 38 वर्षीय सी लालहमंगाईहसंगी अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली थी। महिला को काफी रक्तस्राव हो रहा था और उसकी स्थिति नाजुक थी। उन्होंने बताया कि चम्फाई जिले के चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य कारणों की वजह से छुट्टी पर थे और महिला 200 किलोमीटर दूर आइजोल तक जाने की स्थिति में नहीं थी। उन्होंने बताया कि जब उन्हें महिला की स्थिति की जानकारी दी गई तो वह तत्काल अस्पताल पहुंचे और वहां आपात सर्जरी करके प्रसव में महिला की मदद की। उन्होंने बताया कि मां और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना उनका कर्तव्य है। इससे पहले जून के महीने में भी विधायक खबरों में आए थे। भारत-म्यामां सीमा की रक्षा में तैनात रहनेवाले एक बीमार सुरक्षाकर्मी का इलाज करने के लिए वह नदी को उन्होंने 2018 में मिजो नेशनल फ्रंट की टिकट पर चुनाव लड़ा था और कांग्रेस के तत्कालीन विधायक टीटी जोथानसंगा को हराया था। फिलहाल वह राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष भी हैं।

# ममता सरकार की खुली पोल, महिला ने फेसबुक लाइव में दिखाई कोरोना अस्पताल की बदइंतजामी



**नेशनल डेस्क।**

ममता बनर्जी सरकार भले ही कोरोना के खिलाफ जंग में अपनी पीठ थपथपा रही हो, सच्चाई कुछ और ही सामने आ रही है। पश्चिम बंगाल में ज्यादातर अस्पताल बदइंतजामी के शिकार हैं और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल पश्चिम बंगाल के हावड़ा में टीएल जैसवाल कोरोना वायरस अस्पताल में भर्ती एक महिला ने फेसबुक पर लाइव होकर अपनी परेशानियों को लोगों के सामने रखा। यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है।

मौमिता घोष नाम की महिला ने रोते-रोते अस्पताल की बदइंतजामी के बारे में बताया कि न तो यहां अच्छी सुविधाएं हैं और न ही स्टॉफ अच्छे से देखरेख कर रहा है। वहीं वीडियो सामने आने के बाद ममता सरकार में मंत्री लक्ष्मी रतन शुक्ला भी मौमिता से मिलने के लिए हावड़ा के अस्पताल पहुंचे लेकिन अस्पताल कर्मचारियों ने सुरक्षा का हवाला देते हुए उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। हालांकि लक्ष्मी रतन ने अस्पताल अधिकारियों और चिकित्सकों से बात कर निर्देश दिए कि यहां की व्यवस्था में सुधार किया जाए। बता दें कि ममता सरकार कहती आ रही है कि उनके यहां मरीजों को अच्छी सुविधाएं दी जा रही हैं जिससे लोग जल्दी ठीक हो रहे हैं लेकिन वायरल वीडियो ने सारी पोल खल दी है।

# गहलोत से पायलट की नाराजगी नहीं हुई कम! बोले- सीएम की टिप्पणी से दुखी हूं

**नेशनल डेस्क।**

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि मैंने राजनीति को व्यक्तिगत नहीं बनाया, बस अपनी बात रखी। कांग्रेस में वापसी के बाद पायलट पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजनीति में द्वेष, गलानी, दुर्भावना की कोई जगह नहीं होती है। मैंने हमेशा कोशिश की है कि राजनीतिक संवाद हो, शब्दावली हो। बहुत सोच समझकर अपनी बातों को रखना चाहिए। पायलट ने कहा कि मैंने अपने परिवार से कुछ संस्कार हासिल किए हैं। कितना भी मैं किसी का विरोध करुं किसी भी दल का नेता हो मेरा कट्टर दुश्मन भी हो। मैंने कभी ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं किया। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उन्हें निकम्मा बताने के सवाल पर कहा कि मुख्यमंत्री के बयान से मैं भी दुखी था। राजनीति में भाषा मर्यादित एवं बयानबाजी सोच समझकर की जानी चाहिए। कोई आदमी पार्टी से बड़ा नहीं होता और काम करने वाले को सम्मान मिलना चाहिए। पायलट ने कहा कि अशोक गहलोत जी उम्र में मुझसे काफी बड़े हैं और व्यक्तिगत रूप से मैंने उनका सम्मान ही किया है। लेकिन काम में अगर मुझे कुछ दिखेगा तो मैं उसपर विरोध जाहिर करूंगा यह मेरा अधिकार है। लेकिन जिस प्रकार की टिका टिप्पणी हुई उसपर मैं कोई कॉमेंट करुं यह ठीक नहीं है।

बस इतना कहूंगा कि जो भी आरोप लगाए गए उसका सच सामने आ चुका है। सचिन पायलट ने कहा कि मैंने पहले दिन ही स्पष्ट कर दिया था कि मैं कांग्रेस में ही रहूंगा। हमने सबके सहयोग से सरकार बनाई।

# विश्व में कोरोना मीटर हुआ और तेजः संक्रिमत 2 करोड़ के पार, न्यूजीलैंड में 102 दिन बाद मिला नया केस

**इंटरनेशनल डेस्क।**

दुनियाभर में कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 2 करोड़ के पार हो गए हैं। 'जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्याल की ओर से जारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई है। दुनियाभर के कोविड मीटर की बात करें तो विश्व में कोरोना संक्रमितों का कुल आंकड़ा बढ़कर 2,00,23,016 पहुंच गया है ।अब तक कुल 733,973 मौतें हो चुकी हैं। वैश्विक स्तर पर पिछले 24 घंटे में करीब तीन लाख नए मामले सामने आए हैं। वहीं स्वास्थ्य अधिकारियों का मानना है कि सीमित जांच और कम से कम 40 प्रतिशत लोगों में कोविड-19 का कोई लक्षण न होने की वजह से वास्तविक आंकड़ा इससे कई अधिक होने की आशंका है। संक्रमण के कुल मामलों के करीब दो-तिहाई मामले अमेरिका, भारत और ब्राजील में हैं। न्यूज़ीलैंड में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को के एक नए मामले की सूचना आई जिससे देश में सक्रिय मामलों की संख्या 22 हो गई। सभी प्रबंधित क्वारंटीन सुविधाओं में हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक एशले ब्लूमफील्ड ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मंगलवार का मामला ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न से 30 जुलाई को न्यूजीलैंड पहुंचने वाले 20 लोगों में एक व्यक्ति का था। ब्लूमबर्ग ने कहा, ÷वह ग्रैंड मिलेनियम में प्रबंधित अलगाव में थे और अपने प्रवास के तीन दिनों में नेगेटिव पाए गए थे। इस मामले ने न्यूजीलैंड को कुल मामलों की संख्या को 1,220 पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि उन लोगों में से कोई भी अस्पताल स्तर की देखभाल में नहीं है। ब्लूमफील्ड ने अग्रिम पंक्ति की सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय एक टीकाकरण कार्यक्रम की योजना बना रहा है। भारत में कोरोना वायरस के एक बार फिर से 50 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में 53,601 नए केस मिले हैं, जबकि 871 लोगों की मौत हो गई। इस तरह कुल संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 22,68,676 पहुंच गया। पिछले दो सप्ताह में पहली बार ऐसा हुआ है, जब 55 हजार से कम मामले सामने आए हैं। इसके अलावा, मृत्युदर में भी गिरावट हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी 6,39,929 सक्रिय मरीज हैं। इसके अलावा, 15,83,490 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, कुल मृतकों के आंकड़े पर नजर डालें तो यह बढ़कर 45,257 हो गया है। सरकार ने बताया कि मृत्युदर दो फीसदी से नीचे आकर 1.99त्न पर पहुंच गई है, जबकि 69.80त्न लोग ठीक हुए हैं। इसराईल में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के 1720 नए मामलों की पुष्टि के बाद देश में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 84,722 पर पहुंच गया। इसराईल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि देश में इस संक्रमण के 1720 नये मामले दर्ज किये गये हैं और इसके साथ ही इससे प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या 84,722 हो गयी है तथा इस दौरान 13 कोरोनामरीजों की मौत के बाद मरने वालों की संख्या अब 613 हो गयी हैं। मरीजों की मौत के बाद मरने वालों की संख्या अब 613 हो गयी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में 1,465 और लोग इस महामारी से ठीक हुए हैं और इसके साथ ही इस जानलेवा विषाणु से निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा बढ़कर 58,998 हो गया है। देश में इस समय कोरोना के 25,108 सक्रिय मामले हैं।

## अस्पताल की बड़ी लापरवाही, 22 साल के युवक से बदल दिया 65 साल के बुजुर्ग का शव

**रीवा।** मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस और कोरोना मरीजों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाहियों के कई मामले सामने आए हैं। लेकिन रीवा जिले में तो लापरवाही की हद हो गई जब अस्पताल में 22 साल के एक युवक की मौत हो गई लेकिन परिजनों को 65 साल के एक बुजुर्ग का शव सौंप दिया गया। लापरवाही की इतनी बड़ी घटना सामने आते ही प्रशासन हरकत में आया और अस्पताल के डॉक्टर को सस्पेंड कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, 22 साल के युवक को 3 अगस्त को संजय गांधी हॉस्पिटल के आईसीयू में दाखिल कराया गया था। युवक के पिताके अनुसार, बेटे के बदन में दर्द की शिकायत होने के बाद मौगंज में उसका शुरुआती इलाज कराया गया था। बाद में डॉक्टरों ने युवक को कोविड सेंटर में रेफर कर दिया। युवक के पिता ने कहा कि उनका बेटा जब से अस्पताल में भर्ती हुआ, तब से उसके बारे में डॉक्टरों ने कोई सूचना नहीं दी। जब परिजनों ने 3-4 दिन बाद जोर देकर युवक के बारे में पूछा तो डॉक्टरों ने उसकी मौत की बात कही और मॉर्चरी में शव पहचानने को कहा। युवक के पिता ने कहा, जिस बैग में शव रखा हुआ था, जब उसे खोला गया तो वे दंग रह गए क्योंकि उसमें 65 साल के एक व्यक्ति का शव रखा और उसपर युवक का टैग लगा था। इस पर नाराज होकर मृतक युवक के परिजनों ने कमिश्नर और पुलिस सुपरिटेंडेंट के ऑफिस का घेराव किया और हंगामा किया। लोगों ने लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। युवक के पिता का आरोप है कि अस्पताल ने अभी तक उनके बेटे की कोविड रिपोर्ट नहीं दी है। मामले की गंभीरता को देखते मामले की गंभीरता को देखते मामले की गंभीरता को देखते हुए रीवा डिविजन कमिश्नर ने अस्पताल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राकेश पटेल को सस्पेंड कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार



### बस 4 दिन और... मध्य प्रदेश में टूट जाएगा कांग्रेस का वादा

**भोपाल ।** 4 दिन बाद स्वतंत्रता दिवस। इस दिन से जुड़ा है मध्य प्रदेश कांग्रेस का वो वादा जो उन्होंने 20 मार्च 2020 को किया था और जिसमें उन्होंने कहा था 15 अगस्त 2020 को कमलनाथ जी मप्र के मुख्यमंत्री के तौर पर ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। साथ ही साथ कहा था कि इस ट्वीट को संभाल कर रखना। लेकिन मध्य प्रदेश में कांग्रेस अच्छे दौर से नहीं गुजर रही और क्योंकि कमलनाथ सरकार के गिरने के बाद पार्टी लगातार अपने विधायकों को खो रही है। कई कांग्रेस कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता बीजेपी ज्वाइन कर चुके हैं। आलम यह है चार दिन में सत्ता परिवर्तन एक असंभव कार्य है। 20 मार्च 2020 के उस ट्वीट के हिसाब से कमलनाथ के पास वापस सत्ता हासिल करने के लिए कुल 4 दिन ही बचे हैं और ऐसे में उनका ये दावा पूरा होता नजर नहीं आ रहा। दरअसल,10 मार्च 2020 को कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कांग्रेस के 22 विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी की सदस्यता ले ली थी और तत्कालीन कमलनाथ सरकार को गिराकर शिवराज सिंह के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार बनी। मुख्यमंत्री पद से कमलनाथ के इस्तीफे के कुछ घंटों बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से एक ट्वीट किया था। इस ट्वीट में दावा किया गया था कि 15 अगस्त को कमलनाथ मुख्यमंत्री के तौर पर ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। साथ ही साथ इस ट्वीट में सरकार की विदाई को बेहद अल्प विश्राम बताते हुए इसे संभाल कर रखने की सलाह भी दी गई थी।

### दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 15 अगस्त के लिए जारी एडवाइजरी, ये रास्ते हो जाएंगे बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 13, 15 अगस्त को लाल किले में होने वाले कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा डाइवर्जन और ट्रैफिक अरेंजमेंट की जानकारी देते हुए ज्वाइंट कमिश्नर ट्रैफिक नरेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि लाल किले के आस-पास जिसकी भी गाड़ी पर पार्किंग लेबल नहीं है वह आगे नहीं जा सकती। कुल 8 मेन रोड हैं जहां गाड़ी नहीं जा पाएगी। समय सुबह 4 से 10 बजे तक होगा। इन रास्तों पर से सिर्फ ट्रैफिक पुलिस की तरफ से जारी स्टिकर लगी गाडियों को ही जाने की अनुमति होगी। 15 अगस्त के मौके पर जब पूरा देश आजादी का जश्न मनाएगा तो प्रधानमंत्री लालकिले की प्राचीर से तिरंगा झंडा लहराएंगे. दिल्ली पुलिस ने लालकिले में होने वाले 15 अगस्त के समारोह के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं, जिससे दिल्ली में चलने वालों को कोई परेशानी ना हो। दिल्ली पुलिस ने राजधानी की सुरक्षा को देखते हुए दिल्ली के किसी भी बॉर्डर से भारी कमर्शियल वाहन की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

### दिल्ली में थमी कोरोना की रफ्तार, सत्येंद्र जैन ने कहा- राजधानी का डबलिंग रेट देश से कम

**नई दिल्ली/ डेस्क।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा है कि दिल्ली में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। दिल्ली में कोरोना के मामलों की संख्या 50 दिन से भी अधिक दिन में डबल हो रही है, जबकि देश में कोरोना का डबलिंग रेट 20 दिन है। वहीं सत्येंद्र जैन ने ये भी बताया कि दिल्ली में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है। दिल्ली के अस्पतालों में अधिकतर कोरोना मरीज दिल्ली के बाहर के हैं। राजधानी में पिछले 2 सप्ताह में पॉजिटिव रेट 6 पर और एक्टिव केसों की संख्या स्थिर बनी हुई है। हालांकि मौतों की संख्या में गिरावट आ रही है। सोमवार को दिल्ली सरकार ने 3 अगस्त से 9 अगस्त तक का कोरोना का साप्ताहिक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट कार्ड के अनुसार दिल्ली में पिछले 2 सप्ताह में दिल्ली का पॉजिटिव रेट 6त्न ही बना हुआ है, यानी 100 लोगों के टेस्ट में भी अभी सिर्फ 6 लोग ही पॉजिटिव आ रहे हैं। वहीं एक्टिव की संख्या भी करीब-करीब स्थिर बनी हुई है। अभी दिल्ली में 7.4 एक्टिव केस हैं। दिल्ली एक्टिव केस की संख्या में पिछले सप्ताह ही देश में दूसरे स्थान से चौदवें स्थान पर आ गई है। रिकवरी रेट में भी हल्का सा सुधार हुआ है। पिछले सप्ताह कोरोना मरीजों का रिकवरी रेट 89.57 प्रतिशत था जो इस सप्ताह बढ़कर करीब 90 पहुंच गया है। राष्ट्रीय स्तर पर कोणों का रिकवरी रेट 68. 78त्न है। दिल्ली में कोरोना संक्रमण के मामलों में अब धीमी गति से इजाफा हो रहा है। यहां सोमवार को 24 घंटों में कोरोना के 707 नए मामले सामने आए हैं और एक दिन में 20 मरीजों की जान गई है। इसके साथ ही राजधानी में संक्रमण के कुल मामले 1 लाख 46 हजार 134 हो गए हैं। सक्रमण के कुल मामलों में सक्रिय मामलों की संख्या 10,346 है। वहीं 1,31,657 लोग कोरोना को मात देकर ठीक हो चुके हैं। यहां अब तक 4,131 लोगों की जान जा चुकी है।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, माता-पिता की संपत्ति पर बेटी का भी बराबर का हक



**नेशनल डेस्क।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दूरगामी परिणाम वाले अपने फैसले में कहा कि हिन्दू अविभाजित परिवार की पैतृक संपत्ति में बेटी का भी बेटे की तरह समान अधिकार होगा, भले ही हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 के लागू होने के पहले ही उसके पिता की मृत्यु क्यों न हो गई हो। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हिन्दू उत्तराधिकार कानून में 2005 में किए गए संशोधन की व्याख्या करते हुए कहा कि यदि कानून संशोधन से पहले भी किसी पिता की मृत्यु हो गई हो तब भी उसकी बेटियों को पिता की संपत्ति में बराबर हिस्सा मिलेगा। न्यायमूर्ति मिश्रा ने अपने फैसले में कहा कि एक बेटी जीवन भर के लिए प्यारी बेटी होती है। इसीलिए उसे पिता की सम्पत्ति में पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि वन्स ए डॉटर, ऑलवेज ए डॉटर बता दें कि 2005 में हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में संशोधन किया गया था, इसके तहत पैतृक संपत्ति में बेटियों को बराबर का हिस्सा देने की बात कही गई थी। श्रेणी-एक की कानूनी वारिस होने के नाते संपत्ति पर बेटी का बेटे जितना हक है। शादी से इसका कोई लेना-देना नहीं है। इसकी व्याख्या की मांग की गई थी कि क्या यह संशोधन पूर्वप्रभावी होगा या नहीं।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# प्रवासी भारतीयों की गुहार- 15 अगस्त को पाक समर्थित प्रदर्शनों कीअनुमति न दे बोरिस सरकार

**लंदन।**

ब्रिटेन में बसे प्रवासी भारतीयों के एक समूह ने प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन को पत्र लिख कर भारतीय स्वतंत्रता दिवस के जश्न पर 15 अगस्त को लंदन में भारतीय उच्चायोग के पास पाकिस्तान और खालिस्तान समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की मंजूरी न देने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा कि स्वतंत्रता दिवस ब्रिटेन में बसे भारतीयों और ब्रिटिश भारतीयों के लिए गौरव और खुशी की बात है लेकिन पाकिस्तान और खालिस्तान समूहों ने हाल के वर्षों में लंदन स्थित भारत के उच्चायोग में जश्न मनाने वालों पर अशांति और हिंसक रूप से हमला करके उत्सवों में बाधा उत्पन्न कर माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं। यह पैटर्न हाल के वर्षों में अधिक देखा गया है और हर साल हिंसा एक कदम आगे बढ़ गई है। भारतीय प्रवासियों के समूह ने कहा कि पिछले साल 2019 को भी आजादी का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए भारतीयों के अलावा पुलिस कर्मियों पर धारदार हथियारों से हिंसक हमले किए गए थे ।

उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा ब्रिटिश सरकार और स्थानीय प्रशासन द्वारा पाकिस्तान और खालिस्तान समूहों को प्रदर्शन की अनुमति देने के कारण हुआ जिससे भारतीय प्रवासी बहुत आहत हुए थे । लंदन और मेट्रो पुलिस के मेयर, गृह विभाग के सचिव गृह विभाग को भेजे गए इस पत्र की प्रतियों में अनुरोध किया गया है कि इंडिया हाउस यानी भारतीय उच्चायोग के बाहर स्वतंत्रता दिवस पर विरोध प्रदर्शनों की इजाजत न दी जाए। पत्र में यह लिखा गया कि ब्रिटेन में भारतीयों का एक बड़ा समुदाय निवास करता है जो यहां अन्य समुदायों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के विकास, संस्कृति, व्यापार, ज्ञान और शिक्षा के क्षेत्रों के लिए काम कर रहा है। उन्होंने मांग कि कि यूके और भारत के बीच मजबूत संबंधों को ध्यान में रखते हुए।

# फिलीपींस के राष्ट्रपति दुतेर्ते खुद पर आजमाना चाहते हैं रूसी कोरोना वैक्सीन का पहला टीका

**मनीला।**

फिलीपींस के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते ने रूस निर्मित कोरोना वायरस 'कोविड-19 वैक्सीन के परीक्षण को खुद पर किअ जाने की इच्छा जताई है। वह वैक्सीन के चिकित्सा परीक्षणों और उत्पादन पर मास्को के साथ सहयोग करने के लिए आगे बढ़कर सामने आए हैं। फिलीपींस के बयान के मुताबिक दुतेर्ते ने सोमवार को सार्वजनिक भाषण में कहा,'' जब वैक्सीन सामने आएगी तो मैं इसे सार्वजनिक रूप से प्राप्त करने के लिए आगे बढ़कर आऊंगा। मैं पहला व्यक्ति हूंगा जिस पर इसका परीक्षण किया जाएगा। फिलीपींस ने यह भी कहा कि श्री दुतेर्ते रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ चर्चा करना चाहते हैं कि कोरोना वायरस से लड़ने के लिए फिलीपींस को कितने वैक्सीन की आपूर्ति की जाएगी और इससे संबंधित कितने चिकित्सीय परीक्षण होंगे। दुतेर्ते की घोषणा के बाद रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष ने बताया कि वह फिलीपींस में वैक्सीन के






चिकित्सीय परीक्षणों को करने के लिए तैयार था। राष्ट्रपति प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि मनीला मॉस्को के साथ वैक्सीन उत्पादन एवं आपूर्ति और चिकित्सीय परीक्षण पर काम करने के लिए तैयार है। रूस की पहली कोविड-19 वैक्सीन मॉस्को गेमालेया शोध संस्थान और रूसी रक्षा मंत्रालय ने संयुक्त रूप से विकसित किया है।

# कोरोना वायरस- स्वाद और गंध महसूस न होने के लक्षण हो सकते हैं खतरनाक

**इंटरनेशनल डेस्क।**

कोविड-19 स्वाद लेने की क्षमता से जुड़ी कोशिकाओं को सीधे तौर पर नुकसान नहीं पहुंचाता है। एक अध्ययन में यह जानकारी दी गई जिसमें पाया गया कि स्वाद लेने की क्षमता का प्रभावित होना बीमारी के कारण हुई सूजन के दौरान होने वाली घटनाओं से अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़ा हुआ है। अध्ययन के ये परिणाम पूर्व के अध्ययनों के विपरीत है जिनमें पाया गया कि स्वाद लेने की क्षमता सीधे तौर पर संभवतः वायरस के कण के कारण प्रभावित होती है। कोविड-19 के कई मरीजों के सूंघने या स्वाद लेने की क्षमता चले जाने की जानकारी देने के बाद अनुसंधानकर्ताओं ने इसे कोविड-19 के लक्षणों की बढ़ती सूची में शामिल कर लिया था। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ जॉर्जिया की सह प्राध्यापक, होंगजियांग लियू ने कहा कि वायरस के संपर्क में आने के कुछ दिनों बाद स्वाद नहीं आने का लक्षण बताने वाली मरीजों की बढ़ती दर चिंता का विषय है। हमें इसे लेकर बहुत सतर्क होने की जरूरत है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि स्वाद लेने की क्षमता से जुड़ी कोशिकाएं सार्स-सीओवी-2 संक्रमण के प्रति संवेदनशील नहीं हैं क्योंकि उनमें से अधिकतर में एसीई2 (एक प्रकार का एंजाइम जो दिल, आंत, कोशिकाओं, धमनियों और गुर्दे की झिल्लियों से जुड़ा होता है) नहीं होता, यह वह रास्ता है जहां से वायरस शरीर में प्रवेश करता है। लियू ने कहा कि इस पहला अध्ययन नहीं है जिसने मुंह में एसीई 2 की मौजूदगी को पढ़ा है। लेकिन यह कोरोना वायरस और स्वाद कोशिकाओं के सलामत रहने के संबंध में खासतौर पर दर्शाने वाला पहला अध्ययन है कि इसके लिए किसी अन्य कोशिका का काम न करना जिम्मेदार है। यह अध्ययन 'एसीएस फार्माकोलॉजी एंड ट्रांसलेशनल साइंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

# विश्व की पहली तकनीक समुद्री जल को 30 मिनट में बना देगी पीने लायक

**सिडनी।**



ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने केवल उच्च-तकनीक के फिल्टर और सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा के इस्तेमाल से 30 मिनट से भी कम समय में बड़े स्तर पर समुद्र के खारे पानी को पीने लायक बनाने वाली विश्व की ऐसी पहली तकनीक विकसित की है। मेलबर्न स्थित मोनाश विश्वविद्यालय के अनुसार विशेष रूप से डिजाइन यह तकनीक प्रतिदिन सैकड़ों लीटर समुद्र जल को पीने योग्य बदलने की क्षमता रखता है। इस प्रक्रिया के लिए केवल प्रत्यक्ष रूप से सूरज की रोशनी की आवश्यकता होती है जो इस तकनीक को कम लागत वाला और टिकाऊ भी बनाता है। मोनाश यूनिवर्सिटी के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर हुआंटिंग वांग ने कहा कि विश्व में जल संकट को दूर करने के लिए समुद्र जल को इस्तेमाल योग्य बनाने का विकल्प बेहतर है। उन्होंने कहा, ''विश्व में पानी की कमी के बढ़ते संकट को दूर करने के लिए इस प्रक्रिया का इस्तेमाल किया गया है। विश्व में बड़े पैमाने पर समुद्र जल और खारे पानी की उपलब्धता के कारण इस तरह की प्रक्रियाएं बेहतर और विश्वसनीय हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### पुतिन का ऐलान- रूस ने बना ली दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन, बेटी को लगाया गया टीका

**इंटरनेशनल डेस्क।** रूस ने कोरोना वायरस की दुनिया की पहली वैक्सीन बना ली है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद इसका ऐलान किया है। मंगलवार को पुतिन ने ऐलान किया कि रूस ने दुनिया की पहली सफल कोरोना वायरस वैक्सीन बना ली है, जिसे रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। साथ ही पुतिन ने कहा कि उनकी बेटी ने भी इस वैक्सीन को लिया है। उनकी बेटी को इस वैक्सीन का टीका लगाया गया है। इसी के साथ पुतिन ने कहा कि आम लोगों को जनवरी में वैक्सीन दी जाएगी। समाचार एजेंसी के मुताबिक, इस वैक्सीन को मॉस्को के गामेल्या इंस्टीट्यूट ने डेवलेप किया है जिसे रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने वैक्सीन को सफल करार दिया। इसी के साथ पुतिन ने ऐलान किया कि रूस में जल्द ही इस वैक्सीन का प्रोडक्शन शुरू किया जाएगा और बड़ी संख्या में वैक्सीन की डोज़ बनाया जाएगा। बता दें कि पुतिन ने बताया कि उनकी बेटी को कोरोना वायरस हुआ था, जिसके बाद उसे ये नई वैक्सीन दी गई, कुछ देर के लिए उसका तापमान बढ़ा लेकिन अब वो बिल्कुल ठीक है। दुनियाभर में कोरोना का कहर जारी है और सभी देश कोरोना की वैक्सीन बनाने में जुटे हुए हैं। वैक्सीन बनाने में अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल, चीन, रूस, भारत जैसे देश शामिल हैं. भारत में कोरोना वायरस वैक्सीन अभी ह्यूमन ट्रायल स्टेज में है, ये वैक्सीन बनाने की दूसरी स्टेज है। ऐसे में रूस की दवा अगर सफल रहती है तो यह दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन होगी और की ओर से इस वैक्सीन को मंजूरी मिलती है तो यह लोगों के लिए भी बड़ी राहत होगी।

### राष्ट्रपति चुनाव के बाद जी-7 की मेजबानी करना चाहते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि नवम्बर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के बाद वह सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह की मेजबानी करना चाहते हैं और इसके लिए वह अब भी रूस को आमंत्रित करना चाहते हैं। क्रीमिया पर कब्जा करने के बाद रूस को इस समूह से बाहर कर दिया गया था। व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में ट्रम्प ने कहा, '' मैं चुनाव के बाद इसे करना चाहता हूं। '' उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के कारण बैठक आमने-सामने या टेली कॉन्फ्रेंस के जरिए हो सकती है। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने कर्मियों से रविवार को कहा था कि वह चुनाव के बाद एक शिखर सम्मेलन करेंगे। इससे सभी लोगों को महत्वपूर्ण बैठक के बारे में सोचने के लिए समय मिल जाएगा। यूरोपीय संघ ने जून में जी-7 सदस्यों की बात का समर्थन करते हुए कहा था कि रूस को समूह में वापस शामिल नहीं होने देना चाहिए। वहीं ट्रम्प ने कहा कि वह इस साल शिखर सम्मेलन में रूस, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और भारत को आमंत्रित करने की योजना बना रहे हैं। कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका जी-7 के सदस्य हैं। 27 देशों का समूह यूरोपीय संघ भी इसकी बैठकों में हिस्सा लेता है। यूक्रेन पर आक्रमण और क्रीमिया पर कब्जे के बाद 2014 में रूस को इससे निकाल दिया गया था। इससे पहले यह जी-8 कहलाता था।

### आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की मदद करने करने वाले शख्स ने कबूला अपराध



**न्यूयॉर्क।** ब्रुकलीन के एक व्यक्ति ने आतंकवादी संगठन को सहायता पहुंचाने के प्रयास करने का अपराध स्वीकार कर लिया है। व्यक्ति ने यह कबूला है कि उसने अमेरिका में लोगों और संस्थानों पर हमले करने के निर्देश दिए थे और इसके तरीके भी बताए थे। जाचरी क्लार्क (41) जिसका नाम 'उमर कबीर और 'अबू तल्हा भी है, उसने एक विदेशी आतंकवादी संगठन ढ्स्ढ्स को जानकारियां और संसांधन मुहैया कराने के प्रयास का अपराध स्वीकार कर लिया है। यह आरोप साबित होने पर अधिकतम 20 साल तक की सजा हो सकती है। उसने सोमवार को मैनहट्टन की संघीय अदालत में अमेरिकी जिला जज नओमी रिस बुचवाल्ड के समक्ष अपनी याचिका पेश की। उसे अगले साल फरवरी में सजा सुनाई जाएगी। राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के सहायक अटॉर्नी जनरल जॉन सी डेमर्स ने कहा, '' आईएसआईएस के प्रति वफादारी का संकल्प लेकर क्लार्क ने न्यूयॉर्क सिटी में कैसे हमले किए जाएं, इसके लिए खास निर्देश मुहैया कराए और दूसरे लोगों को चाकूबाजी करने तथा बम निर्माण करने के तरीकों का भी निर्देश दिया।

# पाकिस्तान में कोविड-19 के मामलों की संख्या बढ़कर 2,85,191 हुई

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 531 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 2,85,191 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि वायरस से 15 और लोगों की जान जाने से मृतक संख्या बढ़कर 6,112 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि अभी तक 2,61,246 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, 780 मरीजों की हालत गंभीर है। इसने बताया कि 531 नए मामले सामने आने के बाद पाकिस्तान में संक्रमण के मामले बढ़कर 2,85,191 हो गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक सिंध में सबसे अधिक 1,23,849 मामले सामने आए हैं जबकि पंजाब में 94,586, खैबर पख्तूनख्वा में 34,755, इस्लामाबाद में 15,281, बलूचिस्तान में 11,921, गिलगित बालतिस्तान में 2,371 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 2,150 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। कश्मीर में 2,150 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अभी तक देश में 21,65,811 नमूनों की जांच हो चुकी है, जिनमें से 18,227 नमूनों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई।

# बड़ी सफलताः आज लांच होगी दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन, प्रोडक्शन और टीकाकरण पर होगा जोर

**इंटरनेशनल डेस्क।**

कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए हर देश अपने स्तर पर बेहतर प्रयास करने में जुटा है। कई देशों के वैज्ञानिक कोरोना वैक्सीन बननाने की कोशिश में जुटे हैं और इस मिशन में अमेरिका, ब्रिटेन. चीन, भारत और जापान सफलता के बेहद करीब हैं। मगर इस बीच रूस का दावा है कि उसने दुनिया की पहली वैक्सीन तैयार कर ली है जिसे कल लांच किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस वैक्सीन का रजिस्ट्रेशन बुधवार 12 अगस्त को हो जाएगा। रूस का दावा है कि कोरोना वैक्सीन तैयार करने में वह दुनियाभर के देशों से आगे हैं। रूस के उप स्वास्थ्य मंत्री ओलेग ग्रिडनेव ने ऐलान किया कि कल यानी 12 अगस्त को करोना वैक्सीन का रजिस्ट्रेशन होगा। हालांकि, अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देश रूस के इस दावे को संशय भरी निगाहों से देख रहे हैं। मगर रूस का दावा है कि उसने कोरोना की वैक्सीन बना ली है, जिसका पंजीकरण कल होगा और उसके बाद इसके उत्पादन और टीकाकरण पर जोर दिया जाएगा। यह वैक्सीन गामालेया शोध संस्थान और रूस के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में तैयार हुई है। दरअसल, वैक्सीन के चिकित्सा परीक्षणों की शुरुआत 18 जून को हुई और इसमें 38 लोग शामिल हुए। उन सभी में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो गई है। पहले समूह को 15 जुलाई को छुट्टी दी गई, जबकि दूसरे को 20 जुलाई को छुट्टी दी गई। ग्रिडनेव ने कहा कि अभी परीक्षण तीसरे चरण में है। उन्होंने कहा, गामालेया केंद्र ने इस वैक्सीन को तैयार किया है, जिसे 12 अगस्त को पंजीकृत किया जाएगा। फिलहाल इसका परीक्षण अंतिम और तीसरे दौर में है। यह परीक्षण बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमें यह ध्यान देना होगा कि टीका सुरक्षित हो। चिकित्सा पेशेवरों और वरिष्ठ नागरिकों का सबसे पहले टीकाकरण किया जाएगा। रूस के स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको ने कहा कि जोखिम समूहों के सदस्यों, जैसे चिकित्सीय पेशेवरों को इस महीने टीका लगाया जा सकता है।

# खूंखार कैदियों की रिहाई पर युएस ने राष्ट्रपति गनी को दिया शानदार जवाब, तालिबान भी शांति वार्ता को तैयार

**काबुल।**

अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने लोया जिरगा (महासभा) द्वारा 400 खूंखार तालिबान कैदियों की रिहाई को एक बड़ी सफलता बताया है । गनी ने कहा इसमें अमेरिका का कोई सहयोग नहीं और कैदियों की रिहाई का सारा श्रेय अफगामिस्तान को जाता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कहा है कि अफगानिस्तान के साथ उसका कोई गुप्त सौदा नहीं है। गनी ने कहा कि हमने अमेरिका से पूछा कि क्या एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक अफगानिस्तान पर आम सहमति है, जिसके लिए व्हाइट हाउस ने हमें यह ÷शानदार जवाब दिया। सबसे खास बात यह है कि अमेरिका के इस बयान के बाद तालिबान ने सोमवार को अफगान शांति वार्ता के लिए भी सशर्त सहमति दे दी। तालिबान ने कहा कि कैदियों की रिहाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक सप्ताह के भीतर ही शांति प्रक्रिया में शामिल होंगे। अफगानिस्तान टाइम्स के संवाददाता मुजीब मशाल के अनुसार बयान में यह भी कहा गया है कि अफगानिस्तान की जनता और सरकार को आश्वासन दिया जाना चाहिए कि रिहा हुए तालिबान कैदी ÷युद्ध में नहीं लौटेंगे और उनकी गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।÷ लोया जिरगा में हजारों अफगान बुजुर्ग, समुदाय के नेता और राजनेता शामिल हैं जो रविवार को काबुल में अंतिम 400 तालिबानी कैदियों को रिहा करने का फैसला करने के लिए एकत्र हुए थे। बता दें कि अफगानिस्तान की महासभा 'लोया जिरगा' ने रविवार को तालिबान के 400 कैदियों की रिहाई को मंजूरी दे दी। तालिबान आतंकियों को रिहा करने का फैसला अफगानिस्तान में करीब दो दशक से चल रहे गृहयुद्ध को खत्म करने के मकसद से शांति वार्ता की शुरुआत का मार्ग प्रशस्त करेगा। इससे पहले अफगानिस्तान की सरकार करीब 5 हजार तालिबान कैदियों को रिहा कर चुकी है। बदले में तालिबान ने भी करीब 1100 सरकारी बलों, सरकारी कर्मचारियों और राजनीतिक दलों के लोगों को अपनी कैद से मुक्त किया है। गनी ने राजधानी काबुल में विधानसभा बुलाई थी, जहां करीब 3,200 अफगान समुदाय के नेताओं ने सरकार को सलाह दी कि तालिबान कैदियों को मुक्त किया जाए। लोया जिरगा मुख्य रूप से नए संविधान को अपनाने या युद्ध जैसे राष्ट्रीय या क्षेत्रीय मुद्दे को निपटाने के लिए आयोजित किया जाता है।लोया जिरगा में हजारों अफगान बुजुर्ग, समुदाय के नेता और राजनेता शामिल हैं । राष्ट्रपति गनी ने लोया जिरगा के फैसले का स्वागत किया और तालिबान से युद्ध खत्म करने का आग्रह किया। वहीं, तालिबान के राजनीतिक प्रवक्ता सुहेल शाहीन ने फैसले का स्वागत करते हुए इसे सकारात्मक कदम बताया। दोहा में पहले राउंड की वार्ता के दौरान तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने बताया, हमारा पक्ष स्पष्ट है, यदि कैदियों की रिहाई पूरी हो जाती है तब हम एक सप्ताह के भीतर ही वार्ता के लिए तैयार हैं। तालिबान कैदियों के अंतिम समूह को रिहा किए जाने के एक सप्ताह के अंदर अफगानिस्तान सरकार और आतंकी संगठन के बीच शांति वार्ता शुरू हो जाएगी।एक सप्ताह के अंदर अफगानिस्तान सरकार और आतंकी संगठन के बीच शांति वार्ता शुरू हो जाएगी।

# कोविड-19 से स्वाद लेने की क्षमता सीधे प्रभावित नहीं होती : अध्ययन

**वाशिंगटन।** कोविड-19 स्वाद लेने की क्षमता से जुड़ी कोशिकाओं को सीधे तौर पर नुकसान नहीं पहुंचाता है। एक अध्ययन में यह जानकारी दी गई जिसमें पाया गया कि स्वाद लेने की क्षमता का प्रभावित होना बीमारी के कारण हुई सूजन के दौरान होने वाली घटनाओं से अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़ा हुआ है। अध्ययन के ये परिणाम पूर्व के अध्ययनों के विपरीत है जिनमें पाया गया कि स्वाद लेने की क्षमता सीधे तौर पर संभवतः वायरस के कण के कारण प्रभावित होती है। कोविड-19 के कई मरीजों के सूंघने या स्वाद लेने की क्षमता चले जाने की जानकारी देने के बाद अनुसंधानकर्ताओं ने इसे कोविड-19 के लक्षणों की बढ़ती सूची में शामिल कर लिया था। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ जॉर्जिया की सह प्राध्यापक, होंगजियांग लियू ने कहा, वायरस के संपर्क में आने के कुछ दिनों बाद स्वाद नहीं आने का लक्षण बताने वाली मरीजों की बढ़ती दर चिंता का विषय है। लियू ने कहा, हमें इसे लेकर बहुत सतर्क होने की जरूरत है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि स्वाद लेने की क्षमता से जुड़ी कोशिकाएं सार्स-सीओवी-2 संक्रमण के प्रति संवेदनशील नहीं हैं क्योंकि उनमें से अधिकतर में एसीई2 (एक प्रकार का एंजाइम जो दिल, आंत, कोशिकाओं, धमनियों और गुर्दे की झिल्लियों से जुड़ा होता है) नहीं होता, यह वह रास्ता है जहां से वायरस शरीर में प्रवेश करता है। लियू ने कहा, इस पहला अध्ययन नहीं है जिसने मुंह में एसीई2 की मौजूदगी को पढ़ा है।'' उन्होंने कहा, लेकिन यह कोरोना वायरस और स्वाद कोशिकाओं के सलामत रहने के संबंध में खासतौर पर दर्शाने वाला पहला अध्ययन है कि इसके लिए किसी अन्य कोशिका का काम न करना जिम्मेदार है ।

# अपने हवाई क्षेत्र में घुसे चीनी लड़ाकू विमानों पर ताइवान ने दागी मिसाइलें, डोंगशा द्वीप पर भी भेजे सैनिक

**इंटरनेशनल डेस्क।**

चीन अपनी महत्वाकांशी विस्तारवादी नीतियों के कारण पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। यही कारण है कि इसकी साजिशें भारत सहित सभी पड़ोसी देशों के लिए खतरा बनी हुई हैं और उस पर भरोसा करना नामुमकिन होता जा रहा है । उच्चस्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल द्वारा 40 साल बाद ताइवान दौरे से चिढ़े चीन ने अब अपने लड़ाकू विमानों को ताइवान के हवाई क्षेत्र में घुसाने की कोशिश की। लेकिन ताइवान ने अपने हवाई क्षेत्र में घुसे चीनी लड़ाकू विमानों को सबक सिखाते हुए मिसाइलें दाग कर उन्हें वापस खदेड़ दिया। इसके अलावा ताइवान की सेना ने चीन के दावे वाले डोंगशा द्वीपसमूह पर और अधिक नौसैनिक भेजे हैं। उसने यह कदम उस खबर के बाद उठाया है, जिसमें कहा गया है कि चीन कथित तौर पर इस द्वीप समूह पर एक नकली आक्रमण (मॉक इनवेशन) को अंजाम देने की योजना बना रहा है। बता दें कि इस संबंध में सोमवार को जापान की क्योदो न्यूज एजेंसी ने क्क्र नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ली डागुआंग द्वारा हांगकांग की एक पत्रिका में लिखे गए लेख का हवाला दिया था। इसमें दावा किया गया था कि नौसेना डोंगशा द्वीपसमूह पर नकली आक्रमण से पहले चीन के हैनान द्वीप पर युद्धाभ्यास करेगी। हालांकि बाद में ली ने अपने लेख का यह कहते हुए खंडन कर दिया कि वह क्योदो न्यूज एजेंसी द्वारा पूर्व में प्रकाशित लिखे लेख का उल्लेख कर रहे थे। दरअसल, चीन अमेरिकी स्वास्थ्य मंत्री एलेक्स अजार के नेतृत्व वाले उच्च प्रतिनिधि मंडल के ताइवान दौरे से बौखलाया हुआ है। बीते चार दशक में पहला मौका है जब कोई अमेरिकी मंत्री ताइवान पहुंचे हैं। ताइवान रक्षा मंत्रालय के मुताबिक सुबह 9 बजे के करीब चीन के शेनयांग जे-11 और चेंगदू जे-10 लड़ाकू विमानों ने उसके हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश की। इन विमानों ने जैसे ही ताइवान की खाड़ी में मध्य रेखा को पार किया ताइवान ने जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें दागीं और उसका गश्ती विमानों का एक दल इन लड़ाकू विमानों के पीछे लगा दिया गया। हमले को भांपते हुए चीनी लड़ाकू विमान तुरंत लौट गए। गौरतलब है कि चीन लगातार ताइवान को अपनी ताकत दिखाने की फिराक में है और 2016 से अब तक कई बार इस तरह का दुस्साहस कर चुका है। चीन इस बार रविवार को ताइपे पहुंचे एलेक्स आजार के दौरे से नाखुश है। चीन दरअसल ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और वहां किसी भी अंतरराष्ट्रीय नेताओं के जाने से तिलमिला जाता है। 1979 के बाद यह पहला मौका है ताइवान के मंत्रियों के मुताबिक अमेरिकी स्वास्थ्य मंत्री एलेक्स अजार ने ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन से मुलाकात की।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## चारबाग स्टेशन पर शॉर्ट सर्किट से लगी आग,एटीएम हुआ राख

## एटीएम में रखे लाखों रुपये जल कर खाक, चारों ओर फैल गया था धुआं

लखनऊ(एजेसी)। लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एटीएम में आग लगने से चारों ओर अफरा–तफरी मच गई।

पीएनबी और इंडियन बैंक के एटीएम में आग लगने से चारों ओर धुआं फैल गया।

एटीएम पूरी तरीके से जलकर राख हो गए।

आग लगने से एटीएम बूथ में रखी मशीनें भी उसकी चपेट में आ गईं।

आग का धुआं इस कदर था कि आसमान में काले बादल छा गए।

मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया।



आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी के कर्मचारी वहां पहुंच गए।

स्टेशन पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी।

वक्त पर फायर ब्रिगेड पहुंचकर स्टेशन परिसर को ज्यादा नुकसान होने से बचा लिया।

बताया जा रहा है कि एटीएम में रखे लाखों रुपये जल कर राख हो गए।

गनीमत यह रही कि जब आग लगी,

तब मौके पर कोई व्यक्ति एटीएम में कोई मौजूद नहीं था।



कानपुर (**ब्युरो संजय मौर्या**) कानपुर नगर थाना बर्रा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 709/19 धारा–392,411 भादवि में वांछित 02 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया गया।

## 1 5 अगस्त को डीजीपी प्रशंसा चिन्ह से होंगे सम्मानित।

कानपुर (**ब्युरो संजय मौर्या**) 15 अगस्त को डीजीपी प्रशंसा चिन्ह से होंगे सम्मानित। कानपुर में एसपी पूर्वी के पद पर हैं तैनात।

एसपी राजकुमार को मिलेगा सिल्वर मेडल। अच्छी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं एसपी राजकुमार अग्रवाल।

स्वतंत्रता दिवस पर डीजीपी प्रसंशा चिन्ह में कानपुर के एसपी सिटी राज. कुमार अग्रवाल का नाम।






## राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, खराब स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था के खिलाफ निकाली अर्थी

कानपुर (**ब्युरो संजय मौर्या**) राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने आज शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क से भ्रष्टाचार, महगाई, बेरोजगारी, खराब कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ के खिलाफ अर्थी निकाल कर अपना बिरोध प्रकट किया ।इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा की भाजपा सरकार आने के बाद भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महगाई बढ़ी है,

प्रदेश में अपराधी माफीया का राज कायम है अस्पतालों में कोविट 19 का खौफ दीखाकर अन्य बिमारियो का इलाज के लिये ओ पी डी बन्द कर दी गयी हैं।

प्रदेश की जनता त्रस्त हैं। पीडितों की फरीयाद कोई सुनने वाला नही है।




खुद भाजपा के कई विधायक व नेता सरकार की असफलता की आवाज उठा चुके हैं। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से सरकार नहीं संभल रही हैं।

वेरोजगारी के कारण जनता भुखमरी की शिकार है ।आत्महत्या की घटनाये बढ़ी है। आज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, बंगाली शर्मा, पवन राने,, प्रेम कुमार तिवारी,पुष्पेन्द सिंह, बबिता कटियार, राजकुमार, दिलिप कुमार आदि शामिल थे।

## नाबालिक लड़की के साथ बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

कानपुर (**ब्युरो संजय मौर्या**) ।चकेरी थाना अंतर्गत लाल बंगला क्षेत्र काजी खेड़ा से पुलिस को आज ,पिछले दिनों एक नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर के घर से भगाकर बलात्कार



के आरोपी को गिरफतार करने में सफलता मिली है । गिरफ्तार शातिर अपराधी के बारे में पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक अंशू राजपूत उर्फ आर्यन पुत्र अनिल राजपूत निवासी 119 काजी खेड़ा, लाल बंगला ने पिछले दिनों अपने पड़ोस में रहने वाली नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। लड़की के मां बाप ने लड़की की बहुत तलाश की और ना मिलने पर थाना पुलिस को सूचना दी। आज दिन में 11:00 बजे मुखबिर के द्वारा पुलिस को सूचना मिली की शातिर अपराधी अंशु राजपूत कहीं जाने के लिए रामादेवी चौराहे पर खड़ा हुआ है। इस सूचना पर चकेरी थाने के वरि0 उप निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य सहयोगी उपनिरीक्षक मौजबीन बानो ने मय पुलिस बल के मौके पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा लड़की के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार किया है। पुलिस ने अभियुक्त पर धारा 363/366/376 व3/4 पास्को एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



कानपुर (**ब्युरो संजय मौर्या**) कानपुर कुएं में दबे बुजुर्ग की हुई मौत पुलिस ने रेस्क्यू कर शव को निकाला 6 घंटे रेस्क्यू के बाद शव को निकाला गया बुजुर्ग की मौत के बाद गांव में शोक की लहर। बिल्हौर कोतवाली के देवकली गांव का मामला।



**क्रांति समय कानपुर ब्युरो संजय मौर्या**



कानपुर (**ब्युरो संजय मौर्या**) विद्यार्थी मार्केट व्यापार मण्डल में व्यापारियों से मिलने एवं घटना स्थल का निरीक्षण करने आये माननीय मुकुन्द मिश्रा जी प्रदेश उद्योग व्यापार के उपाध्यक्ष,एवं श्रीसंत मिश्रा जी कानपुर उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष एवं प्रदेश के अन्य व्यापारी नेता भी आये और व्यापारियों को हर स्तर मदद करने का आश्वासन दिया और कहाँ पहले मैं एक व्यापारी हूँ फिर पार्टी के लिए हूँ मेरे होते हुए किसी भी व्यापारियों का अहित नही होने दिया जाएगा ।विद्यार्थी मार्केट व्यापार मण्डल अध्यक्ष बलदेव मल्होत्रा, उपाध्यक्ष संजय अरोड़ा, महामंत्री अनिल यादव,मन्त्री विपुल साहा,सचिन दुआ,जीतू मखीजा, सुरेंदर कपूर,विनोद,मनोज पाहवा, आदि व्यापारगण मौजूद रहे।



कानपुर (**ब्युरो संजय मौर्या**) कानपुर के नए Sp दक्षिण दीपक भूकर द्वारा चार्ज संभालने के बाद दिखे एक्सन में थाना किदवई नगर के अन्तर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा के सायरन,कैमरा आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही बैंक कर्म0/अधि0 गण को आवश्यक निर्देश दिये गये।

## मासूम छात्र के साथ अश्लील हरकतें

कानपुर (**ब्युरो संजय मौर्या**) मासूम छात्र के साथ अश्लील हरकतें करने वाले ट्यूशन शिक्षक



को घरवालों ने पीट कर पुलिस को सौंपा बच्चे को मोबाइल पर दिखाता था अश्लील क्लिपिंग। परिजनों ने बर्रा थाने में दी तहरीर इंसपेक्टर बर्रा मामले को मैनेज करने में जुटे नही दर्ज की आरोपी शिक्षक के विरुद्ध एफआईआर संजीतअपहरण कांड से भी नही लिया सबक।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## TRB जवान ओटो चालक के पास पैसा लेते हुए वायरल वीडियो



सुरत ट्राफिक पुलिस के मददगार या सेवा के नाम पर लोगों के पास कर रहे वसूली शोशल मिडिया में कई बार वीडियो वायरल होने के बाद भी TRB जवान ओटो चालक के पास पैसा लेते हुए वायरल वीडियो.

घटना 11–08–2020 के दिन मिलेनियम मार्केट गेट के पास की घटना.

"'इनके पीछे किसका हाथ, किस अधिकारी की महेरबानी ?

"'विवादों में होने के बाद नही थम रहा इस प्रकार की घटना

# ऑक्सिजन सिलिंडर के गोदाम में ब्लास्ट के बाद लगी आग, एक की मौत, चार गंभीर

सूरत,(**क्रांति समय**) शहर के उधना क्षेत्र स्थित ऑक्सिजन सिलिंडर के गोदाम में ब्लास्ट से अफरातफरी मच गई। ब्लास्ट के बाद गोदाम आग भड़क उठीं। खबर मिलते ही फायर विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर 12 लोगों को बचा लिया। जिसमें चार लोगों की हालत गंभीर होने से अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सूरत के उधना क्षेत्र में पेरिस प्लाजा में ऑक्सिजन सिलिंडर का गोदाम है, जहां दोपहर 12.30 बजे अचानक ब्लास्ट के बाद आग लगने से अफरातफरी मच गई। घटना की खबर लगते ही फायर ब्रिगेड की चार गाडियां मौके पर पहुंच गईं और रेस्क्यू के साथ आग बुझाने की कोशिशें तेज कर दीं। फायर कर्मचारियों ने एक दुकानें फंसे 12 लोगों को बाहर निकाला।





जिसमें गोदाम मालिक अजय शाह समेत चार गंभीर रूप से घायल होने से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना में 45 वर्षीय मनोज यादव नामक कर्मचारी की मौत हो गई। फायर विभाग ने हेवी प्रेशर के कारण ब्लास्ट होने की संभावना जताई है। घटना के वक्त गोदाम में 150 से भी ज्यादा ऑक्सिजन सिलिंडर थे। गोदाम में फायर सेफ्टी की सुविधा नहीं थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कपराडा में 100 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता कांग्रेस में शामिल

वलसाड,(**क्रांति समय**) उप. चुनाव से पहले बीते दिन डांग में कांग्रेस के 300 कार्यकर्ताओं ने भाजपा का भगवा धारण कर लिया था, अब वलसाड के कपराड़ा में 100 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबू वरठा कांग्रेस शामिल हो गए।

राज्यसभा चुनाव से पहले डांग से कांग्रेस विधायक मंगल गावित और वलसाड जिले की कपराडा सीट से कांग्रेस विधायक जीतु चौधरी ने इस्तीफा दे दिया था।

रिक्त सीटों पर आगामी महीनों में उपचुनाव होने हैं और उससे पहले भाजपा और कांग्रेस में आवन जावन शुरू हो गई है।

बीते दिन भाजपा ने 300 कार्यकर्ताओं को अपने साथ कांग्रेस को झटका दिया था और आज कांग्रेस ने भाजपा को झटका दिया है।

18 साल पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए बाबू वरठा की आज घर वापसी हो गई।

बाबू वरठा अपने 100 समर्थकों के साथ आज कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व केन्द्रीय मंत्री तुषार चौधरी और वलसाड जिला कांग्रेस के नेताओं ने बाबू वरठा समेत उनके समर्थकों का पार्टी में स्वागत किया।

## जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गुजरात के राज्यपाल की शुभकामनाएं

अहमदाबाद,(क्रांति समय) गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के पावन पर्व पर राज्य के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भगवान श्री



कृष्ण का जन्मोत्सव हर्ष और परम आस्था के साथ मनाया जाता है। भगवान श्री कृष्ण का उपदेश सभी के जीवन को उन्नत बनाने के लिए आत्मसात करने की और फल की चिंता करे बगैर कर्म करने की प्रेरणा देता है।

# मनपा के डम्पर की चपेट में आए एक्टिवा सवार अधेड़ की मौत

सूरत(**क्रांति समय**) शहर के पांडेसरा क्षेत्र में सूरत महानगर पालिका के डम्पर की चपेट में आकर एक्टिवा चालक एक अधेड़ की मौत हो गई।

पुलिस ने दुर्घटना मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के मुताबिक सूरत में लूम्स फैक्ट्री में बतौर सुपरवाइजर सेवारत 50 वर्षीय बलवंतभाई नायका सुबह नौकरी पर जा रहे थे। एक्टिवा पर बलवंत नायका सूरत के पांडेसरा क्षेत्र के कैलाश सर्कल से गुजर रहे थे। उस वक्त तेज रफ्तार में आ रहे।

सूरत महानगर पालिका के डम्पर ने बलवंत नायका के एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में गंभीर चोट लगने से बलवंत नायका की मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना मौत का मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी।



# श्रेय अस्पताल अग्निकांड की जांच हाईकोर्ट के निवृत्त जज करेंगे

अहमदाबाद (**क्रांति समय**) गुजरात सरकार ने अहमदाबाद के श्रेय अस्पताल अग्निकांड की जांच हाईकोर्ट के निवृत्त जज से कराने का फैसला किया हैं। मुख्यमंत्री ने श्रेय हॉस्पिटल में आग लगने की पूरी घटना की जांच के लिए गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव संगीता सिंह और शहरी विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मुकेश पुरी को नियुक्त किया था।

मुख्यमंत्री ने इन दो वरिष्ठ अतिरिक्त मुख्य सचिवों को उनकी जांच रिपोर्ट तीन दिनों में राज्य सरकार को सौंपने का स्पष्ट निर्देश दिया था।

इन वरिष्ठ अतिरिक्त मुख्य सचिवों ने अहमदाबाद महानगरपालिका, एफएसएल, इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर, फायर ब्रिगेड और पुलिस के सभी कार्यों की रिपोर्ट मंगाई थी। इन दो वरिष्ठ अतिरिक्त मुख्य सचिव संगीता सिंह और मुकेश पुरी ने जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है। गृह राज्य मंत्री प्रदीपसिंह जाडेजा ने कहा है कि अहमदाबाद स्थित श्रेय हॉस्पिटल में 6 अगस्त की मध्य रात को लगी आग की घटना को मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने बेहद गंभीरता से लिया है।

उन्होंने इस घटना में जान गंवाने वाले आठ व्यक्तियों के प्रति गहरा शोक व्यक्त कर मृतकों के आश्रितों को चार लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की थी और घटना में घायल हुए लोगों को भी 50 हजार रुपए की सहायता देने घोषणा की थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्राथमिक रूप से इलेक्ट्रिकल चिकित्सा उपकरण में आग लगने से यह घटना हुई है।

यह एक प्रकार की आकस्मिक आग (एक्सिडेंटल फायर) थी, जो लगभग तीन मिनट में ही आईसीयू में फैल गई थी।

मुख्यमंत्री ने आठ लोगों की दर्दनाक मौत की इस समूची घटना को अत्यंत गंभीरता से लेकर वरिष्ठ अतिरिक्त मुख्य सचिवों द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के बाद किसी भी प्रकार का न्यायिक मसला छूट न जाए या कोई भी दोषी बचने न पाए, उस मकसद से पूरी घटना की गहन जांच के लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच आयोग को न्यायिक जांच सौंपने का निर्णय किया है।

प्रदीपसिंह जाडेजा ने कहा कि राज्य सरकार ने आज इस घटना के संबंध में पुलिस को भी तेजी से एफआईआर की कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं।










## गुजरात में 1118 नए केस, 1140 लोग डिस्चार्ज, 23 मरीजों की कोरोना से मौत

अहमदाबाद गुजरात में मंगलवार को 1118 नए केस सामने आए हैं। जबकि 1140 लोगों को डिस्चार्ज किया गया है और 23 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई। आज राज्य में 41647 टेस्ट किए गए। राज्य में टेस्टिंग बढ़ाने से कोरोना पॉजिटिव केसों की संख्या में भी इजाफा हो रहा हैं। राज्यभर में सरकारी और निजी समेत कुल 59 लेबोरेटरी कार्यरत हैं। इसके अलावा लोगों को अपने घर के निकट कोविड 19 टेस्ट की सुविधा मुहैया कराने कराने के लिए पिछले एक महीने से रेपिड एन्टीजन किट का उपयोग किया जा रहा हैं। राज्य में अब तक कुल 1058881 टेस्ट किए गए है। जिसमें अब तक कुल 73238 कोरोना पॉजिटिव केस दर्ज हुए हैं। 73238 मामलों में अब तक 56416 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका हैं। जबकि 2697 मरीजों की कोरोना से अब तक मौत हो चुकी है। शेष 14125 कोरोना सक्रिय मरीजों में 14046 की हालत स्थिर है और 79 मरीज वेन्टीलेटर पर हैंद्य राज्य के विभिन्न जिलों में आज की तारीख में 494169 लोगों को कोरन्टाइन किया गया है। जिसमें 492575 होम कोरन्टाइन और 1594 लोगों को फैसिलिटी कोरन्टाइन में रखा गया है। पिछले 24 घंटों में सूरत कॉर्पोरेशन में 177, अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 139, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 90, सूरत में 59, राजकोट कॉर्पोरेशन में 55, जामनगर कॉर्पोरेशन में 42, भरुच में 40, भावनगर कॉर्पोरेशन में 37, पंचमहल में 35, राजकोट में 32, अमरेली में 30, मेहसाणा में 29, गिर सोमनाथ में 28, मोरबी में 27, कच्छ में 23, दाहोद में 22, वलसाड में 22, वडोदरा में 21, भावनगर में 18, गांधीनगर में 17, खेडा में 17, जूनागढ़ में 15, सुरेन्द्रनगर में 15, पाटन में 14, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 13, अहमदाबाद में 11, आणंद में 10, महीसागर में 10, नवसारी में 10, बोटाद में 9, नर्मदा में 9, साबरकांठा में 8, देवभूमि द्वारका में 7, बनासकांठा में 6, छोटाउदेपुर में 4, जूनागढ़ कॉर्पोरेशन में 4, पोरबंदर में 4, तापी में 4, अरवल्ली में 3 और जामनगर में 2 समेत राज्यभर में कुल 1118 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए हैं।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)